दैनिक
# किस्मत भीलवाड़ा

Email. kismatbhilwara8888@gmail.com | वर्ष 3 अंक-55 | भीलवाड़ा बुधवार 06 अगस्त 2025 | मूल्य- 2 रूपये | REGN.NO .RAJHIN/2023/87379

आवश्यकता है

राजस्थान के भीलवाड़ा से प्रकाशित सबसे तेज समाचार पत्र दैनिक किस्मत भीलवाड़ा को तहसील और जिला स्तर पर महिला/पुरुष संवाददाताओं की आवश्यकता है।

संपर्क करें

दैनिक किस्मत भीलवाड़ा

## संक्षिप्त खबरें

### क्रिप्टो धोखाधड़ी मामले में 42 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** अमेरिका में क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज 'कॉइनबेस' की नकल करने वाली एक फर्जी वेबसाइट के जरिये लगभग दो करोड़ अमेरिकी डॉलर की धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार एक भारतीय व्यक्ति की 42.8 करोड़ रुपए की संपत्ति धन शोधन विरोधी कानून के तहत कुर्क की गई है। ईडी ने मंगलवार को बताया कि आरोपी की पहचान चिराग तोमर के रूप में की गई है। उसने बताया कि मामले की जांच मीडिया में आई उन खबरों के आधार पर शुरू की गई, जिनमें कहा गया था कि तोमर को अमेरिका में क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज वेबसाइट 'कॉइनबेस' की नकल करने वाली फर्जी वेबसाइट के जरिये दो करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

### राम रहीम को फिर 40 दिन की पैरोल



**चंडीगढ़।** अपनी दो शिष्याओं से रेप के मामले में 20 साल की सजा काट रहा डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह 40 दिन की पैरोल मिलने के बाद हरियाणा में रोहतक स्थित सुनारिया जेल से मंगलवार को बाहर आ गया। डेरे के प्रवक्ता ने बताया, गुरमीत सिंह पैरोल के दौरान सिरसा स्थित अपने डेरा मुख्यालय में रहेगा। सिंह ने सिरसा पहुंचने के बाद एक वीडियो संदेश में अपने अनुयायियों से डेरे में न आने और डेरे के वरिष्ठ लोगों के निर्देशों का पालन करने की अपील की।

### CISF कर्मियों की स्वीकृत संख्या बढ़कर 2.20 लाख

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सीआईएसएफ में कर्मचारियों की स्वीकृत संख्या में 20,000 की वृद्धि की है, ताकि उन्हें विमानन और बंदरगाह जैसे उभरते क्षेत्रों के अलावा नक्सली हिंसा से प्रभावित क्षेत्रों में मार्च 2026 के बाद स्थापित किए जाने वाले औद्योगिक केंद्रों की सुरक्षा के लिए तैनात किया जा सके। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। 1969 में गठित सीआईएसएफ में कर्मियों की वास्तविक संख्या 2024 तक 1,62,000 थी।

### देश के लोगों जाग जाओ... आखिरकार ऐसी अपील क्यों कर रहीं महबूबा

श्रीनगर (एजेंसी)। अनुच्छेद 370 को खत्म करने की छठी वर्षगांठ पर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने फैसले पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए यह बयान दिया था। उन्होंने कहा, देश के लोगों जाग जाओ क्योंकि महबूबा का मानना है कि यह फैसला न केवल जम्मू-कश्मीर के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए एक काला दिन था। महबूबा का आरोप है कि मोदी सरकार ने बहुमत का दुरुपयोग करके संविधान का उल्लंघन किया और इस तरह के फैसले से देश के संवैधानिक मूल्यों को नुकसान पहुंचा है। वे मानती हैं कि आज जम्मू-कश्मीर के साथ जो हुआ है, भविष्य में देश के अन्य हिस्सों में भी ऐसा हो सकता है। इसलिए, वह देश के लोगों को इस मुद्दे के प्रति जागरूक करना चाहती हैं। इस दिन, नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी इस फैसले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था। इसी बीच, एक और महत्वपूर्ण घटनाक्रम भी हुआ है। सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका पर सुनवाई होनी है, जिसमें जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग की गई है। इस मामले पर 8 अगस्त को सुनवाई होनी है, जो इस मुद्दे की गंभीरता को दर्शाता है।

### उदयपुर की होटल में रेव पार्टी में पुलिस की रेड, 11 युवतियों समेत 50 गुजराती हिरासत में

अहमदाबाद (एजेंसी)। राजस्थान की उदयपुर पुलिस ने शहर के पास कोडियात रोड स्थित होटल गणेश होटल में चल रही रेव पार्टी में रेड कर 11 युवतियों समेत 50 जितने गुजरातियों को हिरासत में ले लिया। हिरासत में लिए गए लोगों से उदयपुर पुलिस कर रही है। होटल में सभी दस्तावेजों की जाँच और पूछताछ की जा रही है। प्रक्रिया पूरी होने के बाद पुलिस इस मामले को स्पष्ट करेगी। दरअसल पुलिस को सूचना मिली थी कि उदयपुर कोडियात रोड स्थित होटल गणेश रेस्टोरेंट में रेव पार्टी और देह व्यापार चल रहा है। सूचना के आधार पर शनिवार देर रात डीएसपी सूर्यवीरसिंह राठौड़ के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस कर्मियों ने होटल पर छापा मारा। इस दौरान शराब समेत आपत्तिजनक सामग्री परोसी जा रही थी। पुलिस की छापेमारी से हड़कंप मच गया। पुलिस ने सभी को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। उदयपुर के पुलिस उपाधीक्षक सूर्यवीरसिंह राठौड़ के मुताबिक गणेश होटल में रेव पार्टी और देह व्यापार की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर छापेमारी की गई, जिसमें 50 जितने युवक-युवतियां पकड़े गए हैं। इनमें से ज्यादातर उदयपुर के बाहर से आए पर्यटक हैं। पूछताछ जारी है और सभी के पहचान पत्र देखे जा रहे हैं। भारी मात्रा में नशीला पदार्थ भी मिला है। पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# धराली में फटा बादल, भारी तबाही

## चार की मौत, अनेक लापता, भारी जनहानि की आशंका, कई होटल व मकान पानी में बहे

- संचार सेवाएं ठप, गंगोत्री हाईवे पर मलबा आने से यातायात ठप, आर्मी कैंप में मलबा घुसने से नुकसान



**किस्मत भीलवाड़ा**

**उत्तरकाशी ।** जिला मुख्यालय उत्तरकाशी से 80 किमी दूर धराली के पास मंगलवार को खीर गंगा में बादल फटने से भारी तबाही मच गई। यहां गंगोत्री हाईवे से लगा धराली बाजार पूरी तरह मलबे में दफन हो गया। दर्जनों होटल, होम स्टे और रेस्टोरेंट मलबे की भेंट चढ़ गए। चार लोग लापता बताए जा रहे है। हालांकि, बादल फटने की घटना में भारी जनहानि की आशंका जताई जा रही है।

घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने आईआरएस सिस्टम को सक्रिय किया। सेना, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, पुलिस, एम्बुलेंस 108, चिकित्सा दल एवं जिला प्रशासन की टीमें मौके पर मौजूद हैं। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को अलर्ट पर रखते हुए तत्काल राहत और बचाव कार्य तेज करने के निर्देश दिए है। साथ ही राहत एवं बचाव कार्य को युद्ध स्तर पर करने के निर्देश दिए। राहत शिविर में भोजन आदि की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही एम्बुलेंस, 108 व डॉक्टर की टीम यथा समय मौके पर तैनात करने के निर्देश दिए। साथ ही हर्षिल एवं झाला स्वास्थ्य केंद्र में बैड, ऑक्सीजन, दवाई आदि की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही जिला अस्पताल में डॉक्टर को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए। जनपद में लगातार हो रही तेज वर्षा से नदी का जल स्तर बढ़ने से नदी के तटवर्ती क्षेत्रो में रह रहे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ठहराने एवं पुलिस प्रशासन को लोगो को सचेत करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सड़क मार्ग को युद्ध स्तर पर सुचारु करने के निर्देश बीआरओ को दिए। मौके पर सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस समेत तमाम एजेसियों राहत एवं बचाव कार्य में जुटी है। क्षेत्र में संचार सेवा बाधित होने के कारण नुकसान की सही जानकारी अभी तक नहीं मिल पाई है। डीएम और एसपी समेत तमाम बड़े जिला स्तरीय अधिकारी मौके पर नुकसान का जायजा लेने रवाना हो गए। खीर गंगा में आए सैलाब के कारण धराली में गंगोत्री हाईवे का करीब 100 मीटर हिस्सा भी तबाह हो गया, जिस कारण हाईवे पर यातायात पूरी तरह से ठप पड़ गया है। यहां झाला, हर्षिल और धराली आदि जगहों पर जगह-जगह मलबा आने से हाईवे आवाजाही के लिए बंद पड़ा है। जिस कारण गंगोत्री धाम की यात्रा भी पूर तरह से ठप पड़ी है। हाईवे पर मलबे में कई गाड़ियां भी दबी हैं। इसके अलावा बिजली, पानी आदि सुविधाएं भी ठप पड़ गई है।


जानकारी के अनुसार, धराली के नजदीक श्रीकंठ पर्वत से निकलने वाली खीर गंगा में ऊपरी क्षेत्र में मंगलवार को दोपहर करीब डेढ़ बजे बादल फटा। बादल फटने से खीर गंगा में आए सैलाब ने धराली बाजार को पलभर में मिट्टी में मिला दिया। पड़ोसी गांव मुखबा के ग्रामीणों ने खीर गंगा में आए सैलाब को प्रत्यक्ष तौर पर देखा और इसकी वीडियो भी बनाई। ग्रामीणों ने नीचे बसे धराली कस्बे वासियों को सीटियों और आवाजें देकर वहां से भागने के लिए सचेत भी किया, लेकिन लोगों को संभलने का मौका ही नहीं मिला। डेढ़ बजे से लेकर करीब तीन बजे तक खीर गंगा का मलबा बहता रहा। अब खीर गंगा सामान्य रूप से बह रही है। करीब पांच मिनट तक आए सैलाब में धराली पूरी तरह नक्शे से साफ हो गया। क्षेत्र में लगातार बारिश के कारण बादल फटने की घटना का खतरा बना हुआ है। लोगों को अलर्ट मोड पर रहने की अपील की गई है।

### प्रधानमंत्री ने प्रभावित लोगों के प्रति व्यक्त की संवेदना



**नई दिल्ली (एसएनबी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि वह उत्तरकाशी के धराली में अचानक आई बाढ से प्रभावित लोगों की कुशलता के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर रहे है। उन्होंने प्रभावित लोगों को पूरी मदद का आश्वासन दिया है। मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, ''मै उत्तरकाशी के धराली में हुई इस त्रासदी से प्रभावित लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। इसके साथ ही, मै सभी प्रभावित लोगों की कुशलता की कामना करता हूं। मैंने मुख्यमंत्री पुष्कर धामी जी से बात की है और स्थिति के बारे में जानकारी हासिल की है। उन्होंने कहा कि राहत एवं बचाव दल अपने काम में जुट गए है।

### गृहमंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री धामी से बात की



**नई दिल्ली (एसएनबी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिह धामी से बात कर धराली में अचानक आई बाढ़ के बारे में जानकारी ली और प्रभावित लोगों की सहायता के लिए सात बचाव टीम भेजने का आदेश दिया। शाह ने 'एक्स' पर लिखा, ''धराली (उत्तरकाशी) में अचानक आई बाढ के संबंध में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री से बात की और घटना की जानकारी ली। पास में ही तैनात आईटीबीपी की तीन टीम को घटनास्थल पर भेज दिया गया है। उत्तराखंड के मातली में तैनात आईटीबीपी की 12वीं बटालियन से 16 सदस्यीय टीम धराली पहुंच गई है।

## पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का निधन



**नई दिल्ली (एसएनबी)।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार को यहां एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे। अपने लंबे राजनीतिक जीवन में लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य रहने के अलावा गोवा, बिहार, मेघालय और ओडिशा के राज्यपाल के पदों पर रहे मलिक का अपराह्न 1:12 बजे यहां आरएमएल अस्पताल में निधन हो गया। वह लंबे समय से आईसीयू में थे और उनका विभिन्न बीमारियों का इलाज किया जा रहा था। आरएमएल अधिकारियों ने बताया, गहरे दुख के साथ, हम सत्यपाल मलिक के निधन की पुष्टि करते है। उनका हमारे अस्पताल की गहन देखभाल इकाई में इलाज किया जा रहा था। मलिक मधुमेह, गुर्दे की बीमारी, उच्च रक्तचाप और मोटापा एवं नींद में रूकावट जैसी स्वास्थ्य समस्याओं से लंबे समय से जूझ रहे थे।

- पीएम समेत तमाम बड़े नेताओं ने जताया शोक

## बेहतर प्रशासन के लिए है बांके बिहारी मंदिर संबंधी अध्यादेश

- यूपी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में रखा अपना पक्ष

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने उच्चतम न्यायालय से मंगलवार को कहा कि बांके बिहारी मंदिर ट्रस्ट के लिए अध्यादेश लाने का उसका उद्देश्य मथुरा के वृंदावन स्थित धार्मिक स्थल का बेहतर प्रशासन सुनिश्चित करना है।

न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार को झटका देते हुए सोमवार को कहा था कि वह श्रद्धालुओं के लाभ के लिए वृंदावन में श्री बांके बिहारी मंदिर गलियारा विकसित करने की महत्वाकांक्षी योजना को 15 मई को दी गई मंजूरी को स्थगित रखेगा, क्योंकि इसमें मुख्य हितधारकों की बात नहीं सुनी गई। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने राज्य सरकार द्वारा ''गुप्त तरीके से'' अदालत का दरवाजा खटखटाने के दृष्टिकोण की निदा की थी।

## अमेरिकी पर्यटकों को भरना होगा 15000 डॉलर का बॉन्ड

**न्यूयॉर्क (भाषा)।** अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन एक प्रायोगिक कार्यक्रम लागू कर रहा है। इसके तहत पर्यटक या व्यावसायिक वीजा पर अमेरिका आने वाले विदेशी आगंतुकों को 15 हजार अमेरिकी डॉलर तक का बॉन्ड भरना पड़ेगा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे वीजा अवधि खत्म होने के बाद भी देश में नहीं रुकेंगे। हालांकि इस कार्यक्रम के दायरे में आने वाले देशों की घोषणा अभी नहीं की गई है। अमेरिकी विदेश विभाग ने अस्थाई नियम के तहत यह कार्यक्रम प्रायोगिक तौर पर शुरू या जाएगा।

## 24 घंटे में भारत पर 'हैवी टैरिफ' : ट्रंप



- अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, भारत अच्छा व्यापारिक साझेदार नहीं

**न्यूयॉर्क (भाषा)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत एक अच्छा व्यापारिक साझेदार नहीं रहा है और वह अगले 24 घंटों में इस दक्षिण एशियाई देश पर शुल्क को उल्लेखनीय रूप से बढाएंगे। ट्रंप ने 'सीएनबीसी स्क्वॉक बॉक्स' को दिए साक्षात्कार में कहा, ''भारत के बारे में लोग जो कहना पसंद नहीं करते, वह यह है कि वह सबसे ज्यादा शुल्क लगाने वाला देश है। उसका शुल्क किसी भी देश से ज्यादा है। हम भारत के साथ बहुत कम व्यापार करते है क्योंकि उसके शुल्क बहुत ज्यादा है।''

उन्होंने कहा, ''भारत एक अच्छा व्यापारिक साझेदार नहीं रहा है। वह हमारे साथ काफी व्यापार करता है, लेकिन हम उसके साथ व्यापार नहीं करते। इसलिए हमने 25 प्रतिशत शुल्क पर समझौता किया, लेकिन मुझे लगता है कि मै अगले 24 घंटों में इसे काफी बढ़ा दूंगा, क्योंकि वे रूस से कच्चा तेल खरीद रहे है। वे जंगी मशीन को ईंधन मुहैया करा रहे है। और अगर वे ऐसा करने जा रहे है, तो मुझे खुशी नहीं होगी। भारत के साथ व्यापार समझौते के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ 'अड़चन' यह है कि उसके शुल्क बहुत ज्यादा है। अब मै यह कहूंगा कि भारत अबतक के सबसे ऊंचे शुल्क से आगे बढकर, हम पर शून्य शुल्क लगाएगा... लेकिन वे जो तेल के साथ कर रहे है, उसको देखते हुए यह पर्याप्त नहीं है। ट्रंप ने पिछले हफ्ते ही भारत से आयातित उत्पादों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की थी।

## ऑपरेशन सिंदूर : एनडीए ने सम्मानित किया मोदी को



**नई दिल्ली (एसएनबी)।** राजग के संसदीय दल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'ऑपरेशन सिदूर' के तहत पहलगाम आतंकवादी हमले पर उनकी सरकार की कड़ी प्रतिक्रिया के लिए सम्मानित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में कहा कि पांच अगस्त एक ऐतिहासिक दिन है क्योंकि इसी दिन पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष अधिकार देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त किया गया था। उन्होंने कहा कि राजग सरकार ने संविधान का सही अर्थो में पालन किया है।


प्रधानमंत्री ने गृह मंत्री अमित शाह की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि वह अब सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले केंद्रीय गृह मंत्री बन गए है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें आश्चर्य हो रहा होगा कि क्या 'ऑपरेशन सिदूर' पर बहस की मांग करके उन्होंने कोई गलती की है। 'ऑपरेशन सिंदूर' और 'ऑपरेशन महादेव' के दौरान मोदी के नेतृत्व और सशस्त्र बलों के ''अद्वितीय साहस और अटूट प्रतिबद्धता'' की प्रशंसा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया। श्रीनगर के बाहरी इलाके में 28 जुलाई को 'ऑपरेशन महादेव' के तहत हुई मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के तीन वरिष्ठ कमांडर मारे गए थे।

## गृहमंत्री के रूप रिकॉर्ड बनाया अमित शाह ने



**नई दिल्ली (भाषा)।** अमित शाह ने सबसे लंबे समय तक देश का गृहमंत्री रहने का रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बाद देश में दूसरे सबसे प्रभावशाली व्यक्ति के रूप में जाने जाने वाले शाह ने बतौर केंद्रीय गृहमंत्री 2258 दिन पूरे कर लिये है, जो केंद्रीय गृहमंत्री के रूप में लालकृष्ण आडवाणी के अबतक के 2256 दिन के रिकॉर्ड से अधिक है। वह प्रधानमंत्री मोदी की सरकार के प्रमुख व्यक्तियों में शामिल रहे है, जिन्होंने देशभर में आंतरिक सुरक्षा और शांति बनाए रखने के लिए गृह मंत्रालय को नई दिशाएं दी है।

## कौन सच्चा भारतीय, तय नहीं कर सकती न्यायपालिका : प्रियंका



**नई दिल्ली (एसएनबी)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने मंगलवार को कहा, कोई न्यायाधीश अथवा न्यायपालिका यह तय नहीं कर सकते कि कौन सच्चा भारतीय है। उन्होंने यह टिप्पणी उच्चतम न्यायालय द्वारा राहुल गांधी के सेना से संबंधित बयान को लेकर नाखुशी जताए जाने के बाद की है।

उन्होंने कहा, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष होने के कारण राहुल गांधी का यह कर्तव्य है कि वह सरकार से सवाल पूछें। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि उनके भाई सेना का बहुत सम्मान करते है, लेकिन उनकी टिप्पणी को गलत ढंग से उद्धृत किया गया। शीर्ष अदालत ने दिसंबर 2022 में 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान सेना के बारे में की गई टिप्पणी को लेकर लखनऊ की एक अदालत में राहुल के खिलाफ जारी कार्यवाही पर सोमवार को रोक लगा दी। हालांकि, न्यायालय ने लोकसभा में विपक्ष के नेता से नाखुशी जाहिर करते हुए कहा कि अगर वह सच्चे भारतीय है, तो ऐसी बात नहीं कहेंगे।

## रेखा गुप्ता ने दिया 'डीयू स्पेशल' बस का तोहफा



**नई दिल्ली (एसएनबी)।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने छात्रों के लिए सुविधाजनक परिवहन विकल्प उपलब्ध कराने के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय परिसर के आसपास विशेष बस सेवा को पुनः शुरू करने की मंगलवार को घोषणा की है। दिल्ली विश्वविद्यालय के सोशल सेंटर स्कूल में नए अकादमी खंड के उद्घाटन के अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब वह छात्रा थीं तो विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए एक विशेष बस हुआ करती थी। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार एक बार फिर युवा विशेष बस शुरू कर रही है, जो डीयू की ओर जाने वाले मार्गो पर चलेगी और बस में थोड़ा सा संगीत भी बजेगा। आज छात्रों के लिए मेरी तरफ से यही तोहफा है।

## सीबीएसई : छात्रों के लिए 75% हाजिरी अनिवार्य

**राकेश नाथ**

**नई दिल्ली। एसएनबी**

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कहा कि देशभर के स्कूलों में पढ़ रहे छात्रों के लिए स्कूलों में 75 फीसद उपस्थिति अनिवार्य है। बोर्ड केवल चिकित्सा आपात स्थिति, राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में भागीदारी और अन्य गंभीर कारणों जैसे आपात स्थितियों में 25% की छूट प्रदान करता है, यदि आवश्यक दस्तावेज और रिकॉर्ड उपलब्ध होंगे। यदि सीबीएसई द्वारा स्कूलों के अचानक निरीक्षण के समय यह पाया जाता है कि छात्र बिना उचित छुट्टी रिकॉर्ड के अनुपस्थित है, तो यह माना जाएगा कि वे नियमित रूप से स्कूल नहीं आ रहे है और उन्हें अनुपस्थित या डमी परीक्षार्थी माना जा सकता है। सीबीएसई ऐसे छात्रों को बोर्ड परीक्षाओं में बैठने की अनुमति नहीं देगा। बोर्ड द्वारा इस बाबत मंगलवार को स्कूलों को दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं।



- इससे कम हुई हाजिरी तो परीक्षा में नहीं बैठ पाएंगे

सीबीएसई ने अपने दिशा-निर्देश में कहा है कि सभी छात्रों और अभिभावकों को अनिवार्य 75% उपस्थिति आवश्यकता मानदंड और इस मानदंड को पूरा न करने के संभावित परिणामों से अवगत कराया जाना चाहिए। कोई भी छात्र यदि चिकित्सा या किसी अन्य कारण से छुट्टी पर है तो उसे छुट्टी लेते समय उचित चिकित्सा और अन्य दस्तावेजों के साथ स्कूल में छुट्टी के लिए आवेदन करना होगा। लिखित अनुरोध के बिना छुट्टी स्कूल से अनिधकृत अनुपस्थिति मानी जाएगी। छुट्टी की प्रक्रिया चिकित्सा आपात स्थिति में, छात्रों को छुट्टी लेने के तुरंत बाद वैध चिकित्सा दस्तावेजों के साथ छुट्टी का आवेदन जमा करना होगा। अन्य कारणों से छात्रों को अपनी अनुपस्थिति की सूचना स्कूल को केवल लिखित रूप में और वैध कारण से देनी होगी। स्कूलों को नियमित रूप से उपस्थिति रिकॉर्ड की निगरानी और रखरखाव करना चाहिए। उपस्थिति रजिस्टर प्रतिदिन अद्यतन किए जाने चाहिए, कक्षा शिक्षक और स्कूल के सक्षम प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिए और सीबीएसई द्वारा निरीक्षण के लिए आसानी से उपलब्ध होने चाहिए। यदि कोई छात्र बार-बार स्कूल नहीं आता है या उपस्थिति की अनिवार्यता पूरी नहीं कर पाता है तो स्कूल को अभिभावकों को पंजीकृत स्पीड पोस्ट, ईमेल के माध्यम से लिखित रूप में सूचित करना चाहिए जिसमें नियमित उपस्थिति के महत्व पर जोर दिया जाए और उपस्थिति मानदंडों का पालन न करने पर छात्र को बोर्ड परीक्षा में बैठने से अयोग्य घोषित किया जा सकता है। संवाद का रिकॉर्ड सुरक्षित रखें।

## संक्षिप्त खबरें

### नगर निगम का श्रावण मास में विशिष्ट आयोजन



**वार्ड 40 और 42 के शिवालयों में हुआ सहस्त्रधारा अभिषेक**

**भीलवाड़ा** नगर निगम भीलवाड़ा द्वारा श्रावण मास के पावन अवसर पर 70 वार्डों के 70 मंदिरों में 70 अभिषेक कार्यक्रम के पच्चीसवें दिन 2 वार्डों में महापौर राकेश पाठक के नेतृत्व में आयोजन संपन्न हुआ। वार्ड 40 में ए सेक्टर स्थित श्री राम पार्क शिवालय में और वार्ड 42 में स्थित पार्क के सामने शिव मंदिर में सहस्त्रधारा अभिषेक हुआ। पंडित योगेन्द्र शर्मा एवं सहयोगी पंडितों ने अभिषेक संपन्न कराया। इस दौरान पार्षद रोमा लखवानी, तुलसीराम सरला शर्मा, विजय अंजना नुवाल, जगदीश इंद्रा लड्डा, अशोक ललिता काबरा, अनिल सेन, कैलाश शर्मा, मनीष आसोपा, पदम नागौरी, इंदिरा चांदवानी, महावीर सोमानी, गौभक्त लखवानी, गंगाराम पेशवानी, अंजलि हेमनानी, भूपेन्द्र कुदाल, महेश सबदानी, रामेश्वर धोबी, मंगतूराम अग्रवाल, प्रदीप शर्मा, विजय पेशवानी, ललित लखवानी, महेश धोबी, रेखा कृपलानी, मोहिनी सबदानी, प्रीति कुदाल सहित अनेक वार्डवासी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### अनुजा निगम की एक मुश्त समाधान योजना 30 सितम्बर तक ब्याज में शत-प्रतिशत छूट

किस्मत भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा** राज्य सरकार की बजट घोषणा 2025-26 के तहत अनुजा निगम से ऋण लेने वाले अनुसूचित जाति, जनजाति, सफाई कर्मचारी, दिव्यांगजन व अन्य पिछड़े वर्गों के ऋणियों को बड़ी राहत दी गई है। परियोजना प्रबंधक नूतन कुमार शर्मा ने बताया कि 31 मार्च 2025 तक वितरित ऋणों पर, यदि ऋणी 30 सितम्बर 2025 तक मूलधन जमा कर देते हैं, तो उन पर लगने वाला पूरा ब्याज एवं पेनल्टी माफ कर दी जाएगी। यह एक मुश्त समाधान योजना 1 मई से 30 सितम्बर 2025 तक लागू है। जिले के सभी बकाया ऋणी इस अवसर का लाभ उठाकर अपने ऋण निपटान कर सकते हैं।

### भीलवाड़ा-राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर व्याख्यानमाला का आयोजन



किस्मत भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा,** सेठ मुरलीधर मानसिंहका राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के 5 वर्ष पूर्ण होने पर "नीति से परिवर्तन तक" विषयक व्याख्यानमाला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रो. (डॉ.) बी.एल. जागेटिया रहे, जबकि अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. डॉ. सावन कुमार जांगिड़ ने की। वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. प्रतिभा राव ने नीति के प्रमुख बिंदुओं जैसे बहु-प्रवेश-निर्गम, सेमेस्टर प्रणाली व व्यावसायिक शिक्षा पर चर्चा की। मुख्य वक्ता डॉ. जागेटिया ने नीति की उपलब्धियों व भविष्य की चुनौतियों को रेखांकित करते हुए इसे देश की अर्थव्यवस्था के लिए मील का पत्थर बताया। प्राचार्य डॉ. जांगिड़ ने समावेशी व स्वरोजगार आधारित शिक्षा की भूमिका को रेखांकित किया। कार्यक्रम का संचालन सूर्यप्रकाश पारीक ने किया। बड़ी संख्या में छात्राएं व संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

### शिवम ग्रीन कॉलोनी में महिला मंडल ने धूमधाम से मनाया लहरिया महोत्सव



किस्मत भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा।** शिवम ग्रीन कॉलोनी महिला मंडल द्वारा अध्यक्ष गीता साहू के नेतृत्व में लहरिया महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। महिलाओं ने पारंपरिक गीतों पर लहरिया नृत्य प्रतियोगिता में भाग लिया और विभिन्न खेलों का आनंद लिया। सामूहिक नृत्य के साथ "मां के नाम एक पौधा" अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पुष्पा प्रजापत, रोशनी बेले, कल्पना कुंभकार, माया सेन, ललिता प्रजापत, रेखा धोबी, माया यादव, उषा द्विवेदी, सोनम, किरण कुमावत सहित कई महिलाओं ने भाग लिया।

### शिवगंज में बहन-भाई के स्नेह का पर्व 'विरफुली' हर्षोल्लास से मनाया गया

किस्मत भीलवाड़ा

**शिवगंज, 5 अगस्त।** शिवगंज में बहन-भाई के पावन रिश्ते को समर्पित विरफुली व्रत श्रद्धा और भक्ति से मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए व्रत रखा। इन्दु बाला महाराज जी ने बहन-भाई के प्रेम और समर्पण की पौराणिक कथा सुनाई, जिसके बाद बहनों ने उपवास खोला। परंपरा अनुसार भाइयों ने घेवर लेकर बहनों के घर जाकर उनका मान बढ़ाया। कथा के दौरान मोहीनी देवी परमार, चेतना सोनी, शिल्पा गेहलोत, मंजू सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में भक्ति भाव और पारिवारिक प्रेम का वातावरण देखने को मिला।



### मुख्यमंत्री संग रक्षाबंधन आंगनबाड़ी बहन सम्मान दिवस का आयोजन

# जिले की प्रत्येक 4362 मानदेय कर्मियों को रक्षाबन्धन पर 501 रूपये की डीबीटी राशि उपहार स्वरूप भेजी

किस्मत भीलवाड़ा



**भीलवाड़ा,** राज्य सरकार की ओर से बहनों की सुरक्षा और सम्मान को समर्पित "बहनों की सुरक्षा-सम्मान पर्व अभियान" के तहत मंगलवार को नगर निगम भीलवाड़ा के महाराणा प्रताप सभागार में "रक्षाबंधन आंगनबाड़ी बहन सम्मान दिवस" का जिला स्तरीय भव्य आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा वर्चुअल रूप से कार्यक्रम से जुड़े, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सहाड़ा विधायक श्री लादूलाल पितलिया तथा मुख्य अतिथि के रूप में जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम में जिले की बाल विकास परियोजना कार्यालय - भीलवाड़ा शहर, मांडल एवं बनेड़ा से आई 600 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का अभिनंदन किया गया। सभी बहनों को राज्य सरकार की ओर से छाता एवं मिठाई के पैकेट वितरित किए गए। इस अवसर पर विधायक श्री पितलिया, जिला कलेक्टर श्री संधू, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) ओमप्रकाश मेहरा, जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा एवं उप जिला प्रमुख शंकरलाल गुर्जर ने बहनों का सम्मान करते हुए उपहार वितरित किए। राज्य सरकार ने इस पावन पर्व पर जिले की समस्त 4362 मानदेयकर्मियों को 501 रुपये की डीबीटी राशि उपहार स्वरूप उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की है, जिससे बहनों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का संबोधन भी प्रसारित किया गया, जिसमें उन्होंने प्रदेश की आंगनबाड़ी बहनों की भूमिका की सराहना करते हुए उन्हें सामाजिक विकास की अग्रदूत बताया। जिला कलक्टर ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता समाज में पोषण, शिक्षा व स्वास्थ्य जागरूकता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और राज्य सरकार उनके उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम के अंत में महिला एवं बाल विकास विभाग की उपनिदेशक श्रीमती राजकुमारी खोरवाल ने सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं उपस्थित आंगनबाड़ी बहनों का हृदय से आभार प्रकट किया।

# जिला कलेक्टर ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ ली साप्ताहिक समीक्षा बैठक

### आमजन की समस्याओं का करें त्वरित एवं संतुष्टिपूर्ण निस्तारण -जिला कलेक्टर

किस्मत भीलवाड़ा



**भीलवाड़ा,** । जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी अपने दायित्वों की पालना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से जनसुनवाई सुनिश्चित करने, परिवादों के त्वरित निस्तारण, उनकी मॉनिटरिंग करने तथा फीडबैक लेने के निर्देश दिए।बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने संबंधित विभागों की फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की साथ ही विभिन्न विभागों से संबंधित बजट घोषणाओ की क्रियान्विति की भी समीक्षा की बैठक में जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि संपर्क पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का पूर्ण संतुष्टि के साथ त्वरित निस्तारण करें। श्री संधू ने कहा कि आमजन से संबंधित लंबित मामलों को जल्द सुलझाने के प्रयास करें।बैठक के दौरान स्वतंत्रता दिवस 2025 की वर्षगांठ के अवसर पर जिलेभर में आयोजित होने वाले "हर घर तिरंगा अभियान" पर भी विस्तृत चर्चा हुई। यह अभियान तीन चरणों में संचालित किया जाएगा, जिसमें सरकारी विभागों, जनप्रतिनिधियों, शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) ओ पी मेहरा, एडीएम सिटी प्रतिभा देवठिया सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहें।

### फर्जी उपस्थिति और मास्टर रोल हेरफेर मामले में न्यायालय ने दिए मुकदमा दर्ज करने के आदेश

किस्मत भीलवाड़ा

**केकड़ी,** देवखेड़ी निवासी सुल्तानसिंह द्वारा ग्राम पंचायत टांकावास में फर्जीवाड़े का आरोप लगाते हुए एमजेएम न्यायालय केकड़ी में दायर इस्तगासे पर कोर्ट ने थाना सावर को मुकदमा दर्ज कर जांच के आदेश दिए हैं। प्रार्थी का आरोप है कि सरपंच विजय प्रताप सिंह, पूर्व सचिव विजय बहादुर सिंह और विकास अधिकारी की मिलीभगत से सलोनी पुत्री मूलसिंह का नाम बिना उपस्थिति और भौतिक सत्यापन के मास्टर रोल में मेट के रूप में दर्ज किया गया, जबकि वह बीए फाइनल वर्ष की नियमित छात्रा है और 21 मई से 29 जून 2024 तक कॉलेज में परीक्षा दे रही थी। आरोप है कि इसी दौरान वह 26 मई से 10 जून तक मेट के रूप में उपस्थिति दर्शा रही थी, जो दोहरी उपस्थिति का मामला है। साथ ही, मास्टर रोल पर दर्ज फोटो सलोनी की जगह हेमाकंवर लोधा की है, जो स्वयं और उसके पति के साथ मिलकर मोनिका नाम से उपस्थिति दर्ज करा रही थी, जबकि मोनिका नाम की कोई महिला मजदूर कार्यरत नहीं थी। एडवोकेट सलीम गौरी, शिवलाल धाकड़ और सलीम रंगरेज की दलीलों से सहमत होते हुए न्यायालय ने उक्त फर्जीवाड़े को गंभीर मानते हुए थाना सावर को मुकदमा दर्ज कर जांच के आदेश दिए हैं।

### लियो क्लब क्लासिक केकड़ी द्वारा हेल्थ चेकअप कैंप में 173 छात्र-छात्राओं की जांच

किस्मत भीलवाड़ा



**केकड़ी** लियो क्लब क्लासिक केकड़ी द्वारा पटेल आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित हेल्थ चेकअप कैंप में 173 छात्र-छात्राओं की स्वास्थ्य जांच की गई। कैंप का शुभारंभ प्रांतीय सभापति लायन एस.एन. न्याती, समिति अध्यक्ष बिरदीचंद वैष्णव, क्लब अध्यक्ष निरंजन चौधरी व लियो अध्यक्ष अमित गर्ग ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। डॉ. डी.डी. गुप्ता ने नाक-कान-गले की, डॉ. पवन सिंघल ने दंत रोगों की जांच की। नेत्र परीक्षण राज जेठवानी द्वारा किया गया। सामान्य स्वास्थ्य जांच स्वास्तिक हॉस्पिटल के कंपाउंडर रोहित गुर्जर और प्रवीण शेख ने की। अमित गर्ग ने बताया कि यह लियो क्लब का प्रथम प्रोजेक्ट है, जिसे सभी ने सराहा। कार्यक्रम में पवन सिंघल, अंकुर सिंघल, मनीष नुवाल, युवराज पांड्या, अतुल गर्ग सहित लायंस क्लब के जगदीश फतेहपुरिया, संजय जैन, भागचंद मूंदड़ा व विनय पांड्या मौजूद रहे।

**राजस्थान में दो दिन रोडवेज-बस में फ्री यात्रा करेंगी महिलाएं**

### रक्षाबंधन पर 9 और 10 अगस्त को मिलेगी सुविधा; सीएम ने की थी घोषणा

किस्मत भीलवाड़ा



**जयपुर** रक्षाबंधन पर्व पर महिलाएं और लड़कियां दो दिन तक राजस्थान रोडवेज की बसों में फ्री यात्रा कर सकेंगी। यह सुविधा 9 और 10 अगस्त को लागू रहेगी। राजस्थान की सीमा में चलने वाली सभी श्रेणियों की साधारण बसों में यह छूट लागू होगी। वातानुकूलित (एसी), वॉल्वो और ऑल इंडिया परमिट पर चलने वाली बस इस योजना में शामिल नहीं होंगी। रोडवेज के प्रबंध निदेशक पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया- हर साल की तरह इस बार भी रक्षाबंधन पर महिलाओं और बालिकाओं को निशुल्क यात्रा सुविधा देने का प्रस्ताव भेजा गया है। अनुमान है कि इस योजना से करीब 8.5 लाख महिलाएं और बालिकाएं लाभान्वित होंगी। इसका कुल वित्तीय भार लगभग 14 करोड़ रुपए रहने की संभावना है, जिसे सरकार की ओर से वहन किया जाएगा। रोडवेज की ओर से साफ किया गया है कि महिलाओं को यात्रा के दौरान कोई किराया नहीं देना होगा। लेकिन उन्हें पहचान पत्र जैसे आवश्यक दस्तावेज साथ रखने होंगे। यह योजना केवल राजस्थान की सीमा के भीतर लागू रहेगी। सीएम भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को 'मुख्यमंत्री संग रक्षाबंधन-आंगनबाड़ी बहनों का सम्मान' कार्यक्रम के दौरान रक्षाबंधन पर प्रदेश में महिलाओं के लिए रोडवेज की बसों में दो दिन फ्री यात्रा की घोषणा की थी। जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने कहा- सावन का महीना बहनों के मन में प्रेम और उल्लास लाता है। हर बहन का दिल करता है कि भाई के घर जाए, रक्षाबंधन मनाए। ऐसे में सरकार ने तय किया है कि रक्षाबंधन के अवसर पर प्रदेश में रोडवेज की बसों में महिलाओं को दो दिन फ्री यात्रा की सुविधा दी जाएगी।

### रोवाड़ा गांव का पटवार भवन जर्जर, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

किस्मत भीलवाड़ा

**शिवगंज** उपखंड क्षेत्र के रोवाड़ा गांव में स्थित 1960 में बना पटवार भवन जर्जर हालत में पहुंच चुका है और कभी भी ध्वस्त हो सकता है। भवन में बड़ी-बड़ी दरारें आ चुकी हैं, जिससे वहां बैठना खतरे से खाली नहीं है। इस भवन में सात गांवों का राजस्व रिकॉर्ड रखा जाता था, लेकिन अब स्थिति इतनी खराब है कि रिकॉर्ड रखना और काम करना संभव नहीं है। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा पोसालिया मंडल अध्यक्ष चन्दन सिंह रोवाड़ा ने राज्य मंत्री ओटाराम देवासी को पत्र लिखकर भवन की गंभीर स्थिति से अवगत करवाया और नया भवन स्वीकृत करने की मांग की है। चन्दन सिंह ने बताया कि वर्तमान भवन में कोई कर्मचारी बैठने को तैयार नहीं है और ग्रामीण भी भीतर जाने से डरते हैं। उन्होंने चेताया कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो बड़ा हादसा हो सकता है।

### बाड़ी माता तीर्थ धाम स्थित शिव मंदिर में शिव भक्तों ने भोलेनाथ का किया जलाभिषेक

किस्मत भीलवाड़ा



**गुलाबपुरा** निकटवर्ती बाडी माता तीर्थ धाम पर सावन माह के अंतिम सोमवार को बाड़ी माता शिव मंदिर में ? नमः शिवाय मंत्र के जाप के साथ सहस्त्रधारा जलाभिषेक में धर्मावलंबियों ने भक्तिपूर्वक हिस्सा लेकर धार्मिक लाभ उठाया। बाड़ी माता भक्त मंडली के तत्वावधान में बाड़ी माताजी मंदिर परिसर में आयोजित सहस्त्रधारा जलाभिषेक में पुष्कर के पंडित सर्वेश्वर शास्त्री के सान्निध्य में विधि विधान से हुआ । भजन डमरू वाले बाबा तुमको आना होगा., तांडव नाचे शिव तांडव नाचे.. जैसे कई भजनों पर भक्त नाचने में मग्न रहे। गुरु माता सावित्री देवी, स्टेशन बालाजी मंदिर पुजारी घीसा लाल जी, नगर पालिका अध्यक्षा अनिता मेवाड़ा, महेंद्र सांखला, रामस्वरूप मेवाड़ा, जगदीश तिवारी, , गोपाल व्यास,विनोद त्रिपाठी, रतनलाल चौधरी, प्रमिला रासलोत ,राजेंद्र टाक,अशोक टाक,धर्मीचंद व्यास, राजेश टाक, टाक, ,सिद्धार्थ बघेरवाल, संदेश मेवाड़ा,धनराज कांवड़िया,सिपंल सांखला ,मुन्नादेवी साखंला, मंदिर व्यवस्थापक नौरत मल जाट कैलाश चंद्र सहित अन्य भारी तादाद में शिव भक्तों व धर्मावलंबियों ने सहस्त्रधारा जलाभिषेक का लाभ उठाया। ओंकारेश्वर से पैदल यात्रा कर जल लाने वाले बंटी साहू को माता जी का उपरना पहनाकर स्वागत किया गया।

### सोनी बने पर्यावरण संरक्षण एवं खनिज मंच के जिला अध्यक्ष

किस्मत भीलवाड़ा



**राजलदेसर/चूरू ।** राष्ट्रीय पर्यावरण संरक्षण एवं खनिज मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण आमेटा ने राजलदेसर के सामाजिक कार्यकर्ता शिवभगवान सोनी को राष्ट्रीय पर्यावरण संरक्षण एवं खनिज मंच का जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर कस्बेवासियों में खुशी की लहर छाई हुई है राजलदेसर के सामाजिक के संगठनो सहित गणमान्य नागरिकों ने सोनी को जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर राष्ट्रीय पर्यावरण संरक्षण खनिज मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण आमेटा का आभार जताया एवं सोनी को बधाई देते हुए चुरू जिले में अतिशीघ्र कार्यकारिणी गठित करने की अनुशंसा जारी की ।

### प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विधालय मे 60 सेवानिवृत पेंशनर्स का किया सम्मान

किस्मत भीलवाड़ा

**गुलाबपुरा** स्थानीय प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मे रक्षाबंधन के पुनीत पर्व के उपलक्ष में पेंशनर्स मंच का स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में सेवानिवृत्त महानुभावों को कुमुद दीदी ने रक्षा सूत्र बांधकर एवं अनिल चौधरी ने माला पहनाकर स्वागत किया गया तथा आश्रम की प्रमुख संचालिका कुमुद बहन ने मेडिटेशन द्वारा आत्म शक्ति को बढ़ाने हेतु प्रेरणा दी गई, इस समारोह में पेंशनर्स मंच के संरक्षक सत्यनारायण अग्रवाल ने क्रोध से कैसे मुक्त हुआ जाए इस पर बल दिया, पेंशनर्स मंच के सचिव दाऊद एवं 60 सेवानिवृत्त महानुभावों ने भाग लिया।कार्यक्रम का संचालन श्रीमती चंदना चौधरी ने किया तथा सभी अतिथियों का आभार आश्रम की संचालिका सोनिका दीदी ने किया।

### नि:शुल्क मृगी रोग चिकित्सा शिविर में 144 रोगी हुए लाभान्वित

किस्मत भीलवाड़ा



**गुलाबपुरा** स्थानीय श्री प्राज्ञ मृगी रोग निवारक समिति द्वारा माह के प्रथम मंगलवार को संस्था परिसर में लगाया मिर्गी रोग निवारण चिकित्सा शिविर लगाया गया । संस्था के मंत्री पदम चंद खटोड़ ने बताया की कैंप में वरिष्ठ डॉक्टर आर के चंडक ने अपनी सेवाए प्रदान करते हुए 144 मरीजों को जिनमे 22 नए मरीज थे,सेवा प्रदान की एवम निशुल्क दवा का वितरण कि गई। शिविर में अनिल चौधरी ने मरीजों को मृगी रोग से बचाव व योगा के बारे में विस्तार से समझाते हुए इसके नियमित रूप से करने पर जोर दिया। दिलीप मेहता, संजय कावड़िया ने सभी मरीजों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की शुभकामना देते हुए संस्था के कार्यों की सराहना की। मंत्री पदमचंद खटोड़ ने संस्था की गतिविधियों के बारे में एवं कार्याध्यक्ष देवकरण कोठारी ने लाभार्थी परिवारों का स्वागत अभिनंदन किया। कोषाध्यक्ष राजेन्द्र चोरड़िया ने आभार व्यक्त किया। शिविर के लाभार्थी स्वर्गीय घीसालाल कावड़िया की पुण्य स्मृति में श्रीमती शशि संजय कुमार , मनीषाङ्कगौरव , छलक , कृष्व कावड़िया अजमेर एवं गुप्त नाम मार्फत श्रीमती तारा देवी प्रेमराज बोहरा, दर्शना दिलीप मेहता रहे। शिविर में आए हुए मरीजों एवं उनके परिजनों हेतु पूरे अगस्त माह की सभी कैंपों की निशुल्क भोजन की सेवा श्यामलाल डोसी ब्यावर सुपुत्री/ दामाद अलपाङ्कभरत मेहता, शिल्पा ङ्कअमित श्रीश्रीमाल, नेहाङ्कनिपुण बंब, मोनिकाङ्कमनीष गुगलिया की ओर से रखी गई।जिसमें 280 से अधिक व्यक्तियों ने लाभ उठाया। लाभार्थी परिवार से श्रीमती विमला पोखरणा, मधु खटोड़ सहित संस्था के मदन लाल लोढ़ा, मूल चंद नाबेडा, देवकरण कोठारी, सुरेश लोढ़ा, मदन लाल रांका, सुशील चौधरी,कमल कावड़िया, दिलीप पाराशर सहित गणमान्य व्यक्तियो ने सेवाएं प्रदान की।

**राजस्थान रोडवेज बस का सफर महंगा**

### किराए में 10% से ज्यादा की बढ़ोतरी, जानें-किस कैटेगरी में कितना बढ़ा किराया

**जयपुर** राजस्थान रोडवेज की बस में सफर करना महंगा हो गया है। किराए में 10% से ज्यादा की बढ़ोतरी की गई है। नई दरें मंगलवार रात 12 बजे से लागू हो गई हैं। रोडवेज ने सभी प्रमुख बस कैटेगरी जैसे साधारण, एक्सप्रेस, सेमी डीलक्स, डीलक्स, वातानुकूलित (AC) और सुपर लग्जरी बसों में प्रति किलोमीटर किराया बढ़ा दिया है। साधारण बसों से लेकर सुपर लग्जरी बसों तक, सभी श्रेणियों में 10 से 20 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी की गई है। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की अध्यक्ष शुभ्रा सिंह ने बताया- यह बढ़ोतरी सरकार की ओर से तय दरों के अनुसार की गई है। इसके तहत सभी श्रेणियों में औसतन 10 प्रतिशत किराया बढ़ाया गया है। किराए में बढ़ोतरी के बावजूद अतिरिक्त चार्ज की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यात्रियों से अलग से लिए जाने वाले अधिभार पहले की तरह ही वसूले जाएंगे। यह दरें राजस्थान राज्य की सीमा के अंदर लागू होंगी।

# पूर्व मंत्री धीरज गुर्जर का जन्मदिवस "धार्मिक सेवा सप्ताह" के रूप में मनाया जाएगा

## एक लाख पौधा रोपण सहित होंगे विभिन्न धार्मिक सेवा कार्य

किस्मत भीलवाड़ा





भीलवाड़ा मेवाड़ के लोकप्रिय नेता एवं पूर्व मंत्री धीरज गुर्जर का जन्मदिवस इस वर्ष "धार्मिक सेवा सप्ताह" के रूप में पूरे मेवाड़ सहित राजस्थान के विभिन्न जिलों में मनाया जाएगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने पत्रकार वार्ता में बताया कि यह आयोजन 12 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक चलेगा, जिसमें धार्मिक, सामाजिक व सेवा से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की शुरुआत 12 अगस्त मंगलवार को सम्पूर्ण मेवाड़ और राजस्थान के प्रमुख हनुमान मंदिरों में सुंदरकांड पाठ के साथ होगी। 13 अगस्त को निःशुल्क चिकित्सा शिविरों के साथ-साथ 1 लाख वृक्षारोपण का संकल्प और आयोजन किया जाएगा। 14 अगस्त को गौसेवा के तहत गौशालाओं में गौमाता को चारा और लापसी वितरण कार्यक्रम होंगे। जन्मदिवस 15 अगस्त को विशेष रूप से मनाया जाएगा, जिसमें भीलवाड़ा जिले में मेवाड़ और राजस्थान के विभिन्न जिलों से आए धर्मप्रेमी, कार्यकर्ता, पंच-पटेल, माताएं-बहनें और युवा शामिल होंगे। इस दिन धीरज गुर्जर आमजन से मुलाकात करेंगे और विविध जन्मोत्सव कार्यक्रम होंगे।

# सांसद दामोदर अग्रवाल के प्रयासों से चेतक एक्सप्रेस में लगेंगे नए आधुनिक एलएचबी कोच





किस्मत भीलवाड़ा

सांसद दामोदर अग्रवाल ने आज संसद मे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को गाड़ी सं 20473/20474 (चेतक एक्सप्रेस) के दशको पुराने डिब्बों को बदलकर नए आधुनिक एलएचबी कोच लगाने हेतु विषय को उनके द्वारा पूर्व मे लिखे गए पत्र के माध्यम से पुनः स्मरण करवाया। साँसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि भीलवाड़ा सांसद अग्रवाल ने भीलवाड़ा से दिल्ली चलने वाली महत्वपूर्ण ट्रेन चेतक एक्सप्रेस में पुराने यात्री डब्बों को बदलकर नए सर्वसुविधायुक्त आधुनिक तकनीक के बने एल एच बी कोच लगवाने की केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिलकर मांग की। इस विषय पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेल मंत्रालय के संबंधित अधिकारी को त्वरित कार्रवाई करने के दिशा-निर्देश दिए। साँसद अग्रवाल ने कहा इस जल्द भीलवाड़ा से दिल्ली सफर करने वालो को चेतक एक्सप्रेस में नए तकनीक से बने सर्वसुविधायुक्त कोच का लाभ मिलेगा।।इससे सफर और अधिक आरामदायक बनेगा। साँसद अग्रवाल ने इस स्वीकृति के लिये रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार प्रकट किया।

## भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व हरियाणा प्रभारी डॉ सतीश पुनिया 7 को भीलवाड़ा में

किस्मत भीलवाड़ा



**भीलवाड़ा** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं हरियाणा के प्रदेश प्रभारी डॉ सतीश पूनिया अपने एक दिवसीय प्रवास पर 7 अगस्त गुरुवार को भीलवाड़ा आएंगे। जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि डॉ पूनिया 7 अगस्त को प्रातः 9.30 बजे भीलवाड़ा पहुंचेंगे और सुभाषनगर जैन स्थानक में महासाध्वी डॉ कुमुदलता जी म.सा. के दर्शन करेंगे। इसके बाद प्रातः 11 बजे सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं से मुलाकात का कार्यक्रम रहेगा। वे सायं 4 बजे माधव गौशाला का दौरा कर 5 बजे भीलवाड़ा से जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## सिरोही-संयुक्त मोर्चा संघर्ष समिति ने शिवगंज में भाजपा जिलाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

किस्मत भीलवाड़ा



**सिरोही, शिवगंज।** राजस्थान संयुक्त मोर्चा संघर्ष समिति द्वारा शिवगंज में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष को नर्सिंग व पैरामेडिकल स्टाफ की जल्द भर्ती की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में भर्ती प्रक्रिया में 10, 20, 30 बोनस अंकों को शामिल करने की मांग की गई। जिला अध्यक्ष कुणाल गोस्वामी की उपस्थिति में यह ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान कपिल गर्ग, पंकज कुमावत, भंवरलाल हिंडौनिया, हरीश चंदेल, विपेन्द्र सिंह, रोहित परमार, नितिन सोनी, मोहन जी सुथार, सचिन परिहार, दिनेश कुमार, ललित देवासी, पूजा, सोनल, भरत प्रजापत, गजेन्द्र सिंह, विनीत कुमार, कमलेश माली, शक्तिसिंह व शिवराजसिंह सहित कई कार्मिक मौजूद रहे।

## ईरांस ग्राम में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित



किस्मत भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा।** रायला के ईरांस ग्राम में "मेरा युवा भारत" (MY Bharat) और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चित्रकला, निबंध एवं पौधे पहचानो प्रतियोगिता आयोजित हुईं। चित्रकला प्रतियोगिता में गायत्री कुमावत प्रथम, रेखा जाट द्वितीय और किशन जाट तृतीय रहे। निबंध प्रतियोगिता में नेहा शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, कोमल जाट द्वितीय और अंजलि तेली तृतीय रहीं। पौधे पहचानो प्रतियोगिता में संदीप जाट प्रथम, चना जाट द्वितीय और सुमन बलाई तृतीय रहे। कार्यक्रम से पूर्व भेरूनाथ चारागाह में 70 पौधे रोपे गए। विजेताओं को स्कूल बैग, टिफिन, पानी की बोतल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के संस्था प्रधान रामप्रसाद शर्मा ने कहा कि "एक पेड़ मां के नाम" अभियान युवाओं में पर्यावरण और संस्कार के प्रति जुड़ाव का माध्यम है। पेड़ न केवल पर्यावरण की रक्षा करते हैं, बल्कि मां के लिए एक भावनात्मक उपहार भी हैं। समारोह में अनेक समाजसेवी, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## शिवगंज में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव 16-17 अगस्त को, होगी 101 दही हांडी फोड़ प्रतियोगिता और भव्य शोभायात्रा



किस्मत भीलवाड़ा

**शिवगंज, 5 अगस्त।** श्री गोकुल मित्र मंडल के तत्वावधान में शिवगंज नगर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर 16 व 17 अगस्त को दो दिवसीय भव्य महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। मंडल के मंत्री अर्जुन गेहलोत ने बताया कि यह आयोजन परंपरा, भक्ति और उमंग का संगम होगा। महोत्सव की शुरुआत 16 अगस्त को दोपहर में ब्यावला, फूलों की होली, मेहंदी और प्रसाद वितरण से होगी। शाम को विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। 17 अगस्त को महा आरती, 56 भोग, भव्य शोभायात्रा और 101 दही हांडी प्रतियोगिताएं होंगी, जो शिवगंज के विभिन्न मोहल्लों में आयोजित की जाएंगी। शोभायात्रा श्री केरलेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर गौशाला वाटिका में संपन्न होगी, जहां विशेष क्रेन द्वारा ऊंची दही हांडी फोड़ी जाएगी। इसके बाद भामाशाहों और विशिष्ट अतिथियों का सम्मान किया जाएगा। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां, घोड़े, नासिक ढोल, डीजे, घोड़ा बग्गी, ऊंटगाड़ी, मिक्की माउस, भगवान श्रीकृष्ण की पालकी आदि शामिल रहेंगे। आयोजन को विशेष आतिशबाजी से रोशन किया जाएगा। यह आयोजन शिवगंज में भक्तिमय माहौल और सांस्कृतिक उत्सव का अद्वितीय उदाहरण बनेगा।

# जर्जर चिकित्सा संस्थानों में प्रवेश निषेध, तत्काल मरम्मत करवाने के निर्देश

### प्रमुख शासन सचिव ने की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा

किस्मत भीलवाड़ा



**भीलवाड़ा/ जयपुर।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशों पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में राजकीय चिकित्सा संस्थानों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों का सघन निरीक्षण किया जा रहा है। प्रदेश के ऐसे चिकित्सा संस्थान जो जर्जर हो चुके हैं और अधिक मरम्मत की आवश्यकता है, उन भवनों पर 'जर्जर भवन-प्रवेश निषेध' का बोर्ड डिस्पले कर तुरंत उपयोग बंद किया जाएगा तथा प्राथमिकता के साथ इनका रिनोवेशन सुनिश्चित किया जाएगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने मंगलवार को प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में इस संबंध में विस्तृत दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी अपने–अपने क्षेत्र के चिकित्सा संस्थानों का गहन निरीक्षण करें और गंभीरता के साथ सुधारात्मक कार्यवाही करें। कहीं भी लापरवाही सामने आई या किसी भी प्रकार की क्षति हुई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। राठौड़ ने अधिक वर्षा के कारण चिकित्सा संस्थानों में संभावित दुघर्टनाओं से बचाव के लिए मेंटीनेंस कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में उन्होंने चिकित्सा भवनों की स्थिति, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, आरजीएचएस, टीबी एवं गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग व उपचार, मौसमी बीमारियों और दवाइयों की उपलब्धता सहित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सभी जिलों के साथ विस्तार से चर्चा की एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। राठौड़ ने विगत सप्ताह चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देशों की पालना की जानकारी ली। उन्होंने मौसमी बीमारियों के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि जिन जिलों में मलेरिया व डेंगू के केस ज्यादा आ रहे हैं, वहां वैक्टर बोर्न डिजीज की रोकथाम हेतु सघन स्क्रीनिंग की जाए। उन्होंने कहा कि मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए आवश्यक सामग्री-संसाधनों की यथासमय व्यवस्था की जाए। निर्धारित प्रोटोकॉल अनुसार एंटीलार्वा गतिविधियां संचालित की जाएं और आगामी संभावनाओं को देखते हुए पूरी तैयारी रखी जाए। प्रमुख शासन सचिव ने टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जो जिले टीबी स्क्रीनिंग के निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने में पीछे चल रहे हैं, वे इस काम को गति देकर लक्ष्य हासिल करें। स्वास्थ्य कार्मिकों की सक्रियता बढ़ाकर शत–प्रतिशत स्क्रीनिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक स्क्रीनिंग करने के साथ ही लक्षणों वाले रोगियों की जरूरी जांचें की जाएं एवं स्क्रीनिंग में सामने आए टीबी रोगियों को पूरा उपचार उपलब्ध करवाएं। साथ ही, टीबी से संबंधित डाटा नियमित रूप से पोर्टल पर अपडेट किया जाए। निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश शर्मा ने प्रजेंटेशन के माध्यम से जिलावार प्रगति का विवरण प्रस्तुत किया और आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही हेतु मार्ग-दर्शन प्रदान किया। उन्होंने बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ने और स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर सुदृढ़ीकरण हेतु दवाई, उपकरण, भवन मरम्मत, सामग्री खरीद इत्यादि के प्रस्ताव तैयार कर निदेशालय भिजवाने के निर्देश दिये।

# आनन्दपुरा विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण

किस्मत भीलवाड़ा





आसींद मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी आसींद अर्जुन लाल बुनकर द्वारा आसींद ब्लॉक के मालासेरी पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी के कार्य क्षेत्र में संचालित आनन्दपुरा विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कार्यरत अध्यापक कर्मचारी उपस्थित थे जो अध्यापन कार्य करवा रहे थे। सीबीईओ बुनकर द्वारा बच्चों का बौद्धिक आकलन किया गया जिसमें बच्चों का स्तर मध्यम पाया गया जिसे और सुधारने पर जोर दिया गया साथ ही मिड डे मील का निरीक्षण किया गया जिसमें राज्य सरकार द्वारा दिए गए। पोषाहार मीनू के अनुसार बनाया हुआ था जिसमें कुछ सुधार के निर्देश दिये। मिड डे मिल कक्ष की मरम्मत कराने की प्रस्ताव भिजवाने की जानकारी दी। वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत पौधे लगाए गए थे जिनकी सुरक्षा पर जोर दिया तथा विद्यालय के चारों तरफ बाउंड्री वॉल नहीं होने से पौधों की सुरक्षा नहीं हो पा रही है। अतः बाल वाटिका की तरह तार जाली लगाकर पौधा रोपण करने की सलाह दी ताकि भविष्य में पौधे फल फूल सके और छायादार वृक्ष लगाए जाये। बाउंड्री वॉल बनाने का प्रस्ताव भिजवाने के बारे में बताया। बरसात के दिनों में किसी प्रकार की कोई अनहोनी घटना नहीं घटे इसके लिए सचेत रहने की सलाह दी और विद्यालय के खेल मैदान पर हो रहे अतिक्रमण के बारे में भी चर्चा की गई तथा विद्यालय समिति के सदस्यों के साथ बैठक करके अतिक्रमण हटाया जाए इसके लिए भी प्रस्ताव बनाकर भिजवाने हेतु बताया गया। इस अवसर पर ब्लॉक साक्षरता प्रभारी घासीराम जाट, विद्यालय के अध्यापक धर्मीचंद बलाई अध्यापिका प्रकाश कंवर मौके पर उपस्थित थे।

# ई-नागरिक सेवा केंद्र से अवैध वसूली और कागजातों में हेरफेर,कम्प्यूटर जब्त,संचालक विष्णु वैष्णव फरार

### सावर उपखंड अधिकारी व तहसीलदार ने ईमित्र की आड़ में फर्जीवाड़े पर कसा शिकंजा

किस्मत भीलवाड़ा





**सावर** में संचालित ई-नागरिक सेवा केंद्र पर मंगलवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए फर्जी दस्तावेज तैयार करने और अवैध वसूली के आरोपों में कम्प्यूटर समेत कई उपकरण जब्त किए। केंद्र संचालक विष्णु वैष्णव प्रशासनिक दबिश की भनक लगते ही मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर सावर उपखंड अधिकारी आस्था शर्मा एवं तहसीलदार भगवती प्रसाद वैष्णव ने पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचकर छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान कंप्यूटर, प्रिंटर, दस्तावेज़ों और अन्य संदिग्ध सामग्री को ज़ब्त किया गया। शिकायतकर्ताओं के अनुसार, संचालक विष्णु वैष्णव द्वारा लोगों से दस्तावेज़ तैयार करने के एवज में निर्धारित शुल्क से कई गुना अधिक राशि ली जाती थी, साथ ही कई बार फर्जी प्रमाण पत्र भी तैयार किए गए। प्रशासन ने इस मामले में गहन जांच के आदेश दिए हैं और जल्द ही संचालक के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि क्षेत्र में अन्य ऐसे फर्जीवाड़े करने वालों पर भी सख्त कार्रवाई होगी।

## सावन माह की एकादशी पर खाटू श्याम जी मंदिर में हुए धार्मिक कार्यक्रम

किस्मत भीलवाड़ा



**सावर।** सावर में बस स्टैंड पर स्थित खाटू श्याम मंदिर में सावन की एकादशी को लेकर रंग बिरंगे फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया। सावन माह की एकादशी पर खाटू श्यामजी के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ उमड़ी रही। सावन की एकादशी पर खाटू श्यामजी की महाआरती की गई। श्रद्धालुओं ने भगवान खाटू श्यामजी के दर्शन कर घर परिवार सहित क्षेत्र में सुख-शांति एवं खुशहाली की कामनाएं की। इस दौरान मंदिर में भजन संध्या का आयोजन भी किया गया। स्थानीय कलाकार अभिषेक गन्देरिया द्वारा अनेक भजनो की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

## हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान हेतु रिव्यू बैठक आयोजित



**भीलवाड़ा।** नगर निगम द्वारा हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान की तैयारी हेतु रिव्यू बैठक का आयोजन किया गया है महापौर राकेश पाठक ने बताया कि आगामी स्वतंत्रता दिवस से पूर्व शहर में हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है उक्त अभियान के तहत प्रथम चरण में 2 अगस्त से 7 अगस्त तक शहर के विद्यालयों की दीवारों और बोर्ड को तिरंगा थीम के अनुसार सजावट करना, सरकारी भवनों एवं शैक्षणिक संस्थानों में प्रदर्शनियों का आयोजन करना, तिरंगा राखी बनाने की कार्यशालाएं एवं प्रतियोगिताएं आयोजित करना, स्कूल कॉलेज और सार्वजनिक स्थानों पर तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता आयोजित करने के कार्यक्रम मेरा शहर स्वच्छ शहर मेरा कचरा मेरी जिम्मेदारी विषय पर जागरूकता अभियान सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।अभियान के द्वितीय चरण में 9 अगस्त से 12 अगस्त तक स्वयं सहायता समूह की सहभागिता से तिरंगा मेला और तिरंगा संगीत कार्यक्रम का आयोजन शहर के मुख्य स्थान पर किया जाएगा। अभियान के तृतीय चरण में 13 अगस्त से 15 अगस्त तक सर्वश्रेष्ठ रंगोली चित्रकार, स्वच्छ जल निकाय, स्वच्छ कार्यालय, स्वच्छ बाजार, स्वच्छ पर्यटन स्थल, स्वच्छ विद्यालय हेतु सर्वश्रेष्ठ आने वालों को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इसी के साथ प्रत्येक वार्ड के एक सर्वश्रेष्ठ स्वच्छता वाले मकान मालिक को निगम द्वारा पुरस्कार प्रदान किया जाएगा एवं शहर के 15 कचरा स्टैंड पर दिन में कचरा नहीं डाला जाए इस हेतु कार्मिकों की नियुक्ति की जाएगी।

## चंवरा का हनुमान जी के दान पात्र खोला 1 लाख 60 हजार 753,रूपये की राशि निकली

किस्मत भीलवाड़ा



**आकोला** मेवाड़ के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री चंवरा का हनुमान जी के यहाँ मंगलवार को दानपात्र खोला गया। दानपात्र से 1 लाख 60 हजार 753,रूपये की राशि प्राप्त हुई। इस अवसर पर चंवरा के हनुमानजी विकास समिति के अध्यक्ष बालू राम अहीर, कोषाध्यक्ष सुरेश बसेर ,नारायण गुर्जर ,कालू सिंह चौहान मोहन सिंह , , पुजारी रोशन वैष्णव , सांवर वैष्णव, बजरंग दास वैष्णव , सचिव मदन सुथार ,उपाध्यक्ष गोपाल लाल गुर्जर, प्रभु धाकड़, दीपक पोरवाल, कालू जायसवाल, दिनेश पोरवाल , मदन प्रजापत, श्रीराम पोरवाल,श्याम लाल किर , भोजा गुर्जर , मूलचंद धाकड़ लक्ष्मण सिंह, छोटू गुर्जर गोदु धाकड़ अनिल सुथार, लादू गुर्जर, सहित कई भक्त उपस्थित थे।

## विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल के नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों का किया स्वागत



किस्मत भीलवाड़ा

**गुलाबपुरा** विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल की प्रांतीय बैठक कांकरोली में आयोजित हुई, जिसमें स्थानीय निवासी आशीष दाधीच को बजरंग दल भीलवाड़ा विभाग सह सयोजक व अर्जुन सोनी को बजरंगदल जिला सह सयोजक, गोपाल राठौड़ को जिला सह सत्संग प्रमुख बनाये जाने से कार्यकर्ताओ नवीन दायित्ववान पदाधिकारियों का दुपट्टा पहना के स्वागत किया गया। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष अमित आत्रेय , प्रखंड मंत्री दिनेश राजपुरोहित,प्रखंड सामाजिक समरसता प्रमुख पिंटू वैष्णव,राहुल शर्मा,सुरेश शर्मा,भरत व्यास,शंकर सेन,शशी मेहरा,सोनू व्यास,जगदीश चौबे,गोविंद वैष्णव,यश शर्मा,आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भाविप शाखा द्वारा शक्ति दिवस पर एनीमिया जांच चिकित्सा शिविर आयोजित

किस्मत भीलवाड़ा



**गुलाबपुरा** शक्ति दिवस पर भारत विकास परिषद द्वारा एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के अंतर्गत पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, श्री गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय गुलाबपुरा ,रा बा उ मा वि आगूचा,महात्मा गांधी राजकीय बालिका माध्यमिक विद्यालय हुरड़ा में बालिकाओं की हिमोग्लबिन जांच चिकित्सा विभाग के सौजन्य से कराई गई। परिषद की ओर से बालिकाओं को गुड और चना वितरित किया गया ।चिकित्सा विभाग द्वारा आयरन की गोलियां जरूरतमंद बालिकाओं को देकर आवश्यक निर्देश दिए गए इस अवसर पर महिला प्रमुख मुन्नी देवी जागेटिया, भगवती देवी मूंदड़ा, लीला देवी गग्गड,मीनाक्षी भाटिया ,मधु कलवार, पिंकी शर्मा , सुमित्रा माहेश्वरी,चंद्रा जीवनानी ,संस्था प्रधान मैना चारण , सत्यनारायण अग्रवाल , रीमा मीणा सहित परिषद के कन्हैया लाल सोनी,ओम प्रकाश शर्मा,किशोर राजपाल, दिनेश छतवानी,महादेव मूंदड़ा ने कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया ।कुल लगभग 1500 बालिकाओं की एनीमिया जांच की गई। चिकित्सा विभाग द्वारा आगामी दिवस में गांधी कन्या महाविद्यालय, गागेडा, तस्वारिया, हुरड़ा और आगूचा के अन्य विद्यालयों में भी एनीमिया जांच शिविर लगाये जाना प्रस्तावित है।

## बुड्ढा पुष्कर से लाये पवित्र जल से कावडीयो ने किया श्री नीलेश्वर महादेव का जलाभिषेक



किस्मत भीलवाड़ा

**गुलाबपुरा** शहर के सब्जी मंडी श्री बाला जी मंदिर मे स्थित नीलेश्वर महादेव का बुड्ढा पुष्कर से कावडीयो द्वारा लाया गया पवित्र जल से किया अभिषेक। महंत पवन दास वैष्णव ने पुष्कर से लाये पवित्र जल के कावड़ की पूजा अर्चना कर शिव भक्तों का स्वागत किया। बुढा पु बूढ़ा पुष्कर से जल पैदल कावड़ पद यात्री खारी नदी तट पर पहुंचे श्री संकट मोचन बालाजी मंदिर महंत पवन दास वैष्णव ने कावड़ की पूजा अर्चना कर कावड़ भक्तों का स्वागत किया। कावड यात्रा गाजेबाजे के साथ श्री बालाजी मंदिर पहुंची, जहाँ, पंडित गोपाल शर्मा ने विधि विधान मंत्रोच्चार से जलाभिषेक करवाया। इस अवसर पर महंत पवन दास वैष्णव, पुजारी अजय वैष्णव, नगर पालिका चेयरमैन सुमित काल्या , नगर कांग्रेस अध्यक्ष मधुसूदन पारीक, पार्षद रामदेव खारोल, गुर्जर गौड समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुधीर शर्मा, भंवर सिंह हाडा, महावीर प्रसाद जांगिड़, घीसू सेन एक्सप्लोर,बालाजी महिला मंडल की अध्यक्ष रेखा भाटिया रूपाहेली,पारस देवी वैष्णव, सहित सैकडो शिव भक्त मौजूद थे।

# टैरिफ दादागिरी के बीच 'स्वदेशी' एक जनक्रांति बने



ललित गर्ग

**डोनाल्ड ट्रंप की बौखलाहट का ही परिणाम है कि उन्होंने दुनिया की तीसरी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर भारत की अर्थव्यवस्था को 'मृत अर्थव्यवस्था' तक कह दिया, उनका यह कहना न केवल तथ्यहीन और निराधार है, बल्कि भारत की आर्थिक संप्रभुता पर एक असभ्य एवं अक्षम्य आक्षेप भी है।**

वाराणसी में अपने लोकसभा क्षेत्र से एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों का आह्वान किया है कि वे संकल्प लें कि अपने घर स्वदेशी सामान ही लाएंगे। उनका यह आह्वान न केवल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 'दबाव की राजनीति' और 'टैरिफ की दादागिरी' का माकूल जबाव है बल्कि भारत को सशक्त अर्थ-व्यवस्था बनाने की बुनियाद भी है। मोदी ने 'आत्मनिर्भर भारत' का आह्वान इसी सोच के साथ किया है। उन्होंने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि भारत को 'लोकल के लिए वोकल' बनना होगा। यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक गहन आर्थिक और सांस्कृतिक रणनीति है जो हमें बाहरी निर्भरता से मुक्त कर सकती है। यह वही आत्मनिर्भरता है, जिसका बीजारोपण महात्मा गांधी ने चरखे और खादी के माध्यम से किया था और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्वदेशी जागरण के माध्यम से कर रहा है।

डोनाल्ड ट्रंप की बौखलाहट का ही परिणाम है कि उन्होंने दुनिया की तीसरी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर भारत की अर्थव्यवस्था को 'मृत अर्थव्यवस्था' तक कह दिया, उनका यह कहना न केवल तथ्यहीन और निराधार है, बल्कि भारत की आर्थिक संप्रभुता पर एक असभ्य एवं अक्षम्य आक्षेप भी है। इससे भी अधिक विडंबनापूर्ण और चिंताजनक बात यह है कि भारत के कुछ विपक्षी दलों ने इस अपमानजनक बयान को घरेलू राजनीति की 'ऑक्सीजन' मानकर इसे आंतरिक राजनीति का हथियार बनाकर न केवल प्रचारित किया, बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से उसका समर्थन भी किया। अक्सर विपक्षी दल देशविरोधी नैरेटिव को बढ़ावा देने में जुट जाते हैं। वे यह भूल जाते हैं कि राजनीतिक असहमति लोकतंत्र का अंग हो सकती है, लेकिन राष्ट्रीय अस्मिता पर आघात के समय एकजुटता ही राष्ट्रवाद की पहचान होती है। यह वही देशविरोधी मानसिकता है जो विदेशी मंचों पर देश की छवि को चोट पहुंचाती है और राजनीतिक स्वार्थों एवं मतभेदों को राष्ट्रीय स्वाभिमान से ऊपर रखती है।

भारत की अर्थव्यवस्था को जिस तरह ट्रंप ने 'मृतप्राय' कहा, वह न केवल मौजूदा आर्थिक तथ्यों की अवहेलना है, बल्कि भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव को दबाने का एक रणनीतिक षडयंत्र भी है। आईएमएफ, विश्व बैंक और ओईसीडी जैसी प्रतिष्ठित संस्थाएं भी लगातार यह संकेत देती रही हैं कि भारत विश्व की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया जैसी पहलों के चलते भारत की अर्थव्यवस्था ने कोरोना महामारी के बाद जिस गति से



पुनरुत्थान किया है, वह अनेक विकसित देशों के लिए भी उदाहरण है। सच्चाई यह है कि भारत की अर्थव्यवस्था न तो मृत है, न ही दिशाहीन। हां, चुनौतियां हैं, बेरोजगारी, महंगाई, आय असमानता, लेकिन इनसे जूझते हुए भारत आत्मनिर्भरता और नवाचार की दिशा में उल्लेखनीय कदम उठा रहा है। वैश्विक मंचों पर भारत की वाणी अब कमजोर नहीं, बल्कि दृढ़ता और आत्मविश्वास से परिपूर्ण है। ऐसे समय में जब अमेरिका जैसे देश एकतरफा फैसलों से वैश्विक व्यापार संतुलन को तोड़ने पर आमादा हैं, तब भारत को अपनी आत्मनिर्भरता और स्वदेशी के मंत्र को एक संकल्प बनाकर व्यवहार में लाना होगा। अमेरिका हो या चीन, आर्थिक नीतियों में नैतिकता नहीं, स्वार्थ ही केंद्र में रहता है। इसीलिए भारत को अब यह समझना होगा कि केवल आयात पर निर्भर रहकर हम अपनी आर्थिक सुरक्षा नहीं कर सकते। जब तक हम उत्पादन, निर्माण और उपभोग के क्षेत्र में स्वदेशी विकल्प नहीं अपनाते, तब तक हम इस टैरिफ आतंकवाद और वैश्विक अस्थिरता के शिकार बने रहेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और स्वदेशी जागरण मंच वर्षों से यह बात दोहराते रहे हैं कि भारत की आर्थिक समृद्धि का मूल मंत्र 'स्वदेशी' है। यह विचार केवल देसी वस्तुओं के प्रयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका तात्पर्य है, स्वदेशी संसाधनों, तकनीकों, कौशल और संस्कृति के आधार पर विकास का रास्ता तय करना। भारत का आर्थिक इतिहास इसका साक्षी है कि जब-जब देश ने अपनी आंतरिक क्षमताओं पर विश्वास किया, तब-तब उसने वैश्विक मंच पर अपना प्रभुत्व सिद्ध किया। चाहे दूध उत्पादन में श्वेत क्रांति हो, अंतरिक्ष में इसरो की सफलताएं हों या कोविड काल में स्वदेशी वैक्सीन बनाना, भारत ने दिखाया है कि वह किसी से कम नहीं। स्वदेशी का मंत्र सिर्फ 'यहां बनाएं' तक सीमित नहीं है, यह 'यहां के लोगों द्वारा, यहां की सोच के साथ' बनाया गया भारत है। प्रधानमंत्री मोदी का 'मेक इन इंडिया' अभियान अब 'मेड बाय इंडिया' की दिशा में अग्रसर हो रहा है। भारत को ऐसी आर्थिक संरचना बनानी होगी जिसमें विदेशी पूंजी या तकनीक की बजाय स्वदेशी नवाचार, स्वदेशी उद्योग, और स्वदेशी उद्यमिता को बल मिले। इस संदर्भ में सरकार को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि जो नीतियां बनें, वे स्वदेशी उद्योगों को बढ़ावा देने वाली हों, न कि बहुराष्ट्रीय कंपनियों की लॉबी के दबाव में चलने वाली। आज का समय वैसा ही है जैसा 1905 में बंग-भंग आंदोलन के समय था, जब बाल गंगाधर तिलक, लाला लाजपत राय और अरविंद घोष जैसे क्रांतिकारियों ने विदेशी वस्त्रों की होली जलाई थी। आज फिर एक नई क्रांति की जरूरत है, लेकिन यह क्रांति फैक्ट्रियों में, बाजारों में, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर लड़ी जाएगी। हमारे युवाओं को चाहिए कि वे स्टार्टअप, इनोवेशन और तकनीकी प्रयोगों में विदेशी नकल न करें, बल्कि भारतीय जरूरतों और मूल्यों के अनुरूप नए समाधान विकसित करें। यही आत्मनिर्भर भारत की आत्मा है। हर भारतीय को यह समझना होगा कि जब वह विदेशी मोबाइल, ब्रांडेड कपड़े, या चीनी उत्पाद खरीदता है, तो वह सिर्फ एक उत्पाद नहीं ले रहा, बल्कि वह अपने देश के एक कारीगर, किसान या उद्यमी से रोजी-रोटी छीन रहा है।

अब समय है कि उपभोक्ता भी जिम्मेदार बने। स्वदेशी उपभोग सिर्फ एक विकल्प नहीं, बल्कि देशभक्ति का आधुनिक रूप है। आज जब वैश्विक पूंजीवाद लड़खड़ा रहा है और पश्चिमी देशों की नीतियों में आत्मकेंद्रितता हावी हो रही है, भारत को अपनी सांस्कृतिक, आर्थिक और बौद्धिक जड़ों की ओर लौटना ही होगा। यही समय है जब 'स्वदेशी' एक आंदोलन बने, एक जनक्रांति बने और एक ऐसी नई अर्थव्यवस्था की नींव डाले जो टिकाऊ, समावेशी और पूर्णतः आत्मनिर्भर हो। प्रधानमंत्री मोदी ने जो स्वदेशी का दीप जलाया है, वह केवल सरकार का काम नहीं, यह हम सभी का नैतिक, राष्ट्रीय और आत्मिक दायित्व है। तभी हम न केवल ट्रंप जैसी टैरिफ दादागिरी का जवाब दे पाएंगे, बल्कि एक सशक्त, सम्मानित और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर सकेंगे, अपने स्वेद, अपने स्वप्न और अपने स्वदेश के बल पर। वर्तमान परिप्रेक्ष्यों में यह आवश्यक हो गया है कि देश की आलोचना के नाम पर विदेशी अपमान का समर्थन करने की प्रवृत्ति का जनतांत्रिक रूप से विरोध हो। लोकतंत्र की सच्ची परिपक्वता यही है कि सरकार की आलोचना करते हुए भी हम राष्ट्र की प्रतिष्ठा और आत्मगौरव की रक्षा करें। जब तक भारत के भीतर से ही भारत की आवाज कमजोर की जाएगी, तब तक ट्रंप जैसे बाहरी 'टैरिफ तानाशाहों' को हमारे आत्मबल पर वार करने का साहस मिलता रहेगा। यदि हमारी अर्थव्यवस्था आत्मनिर्भर होगी तो फिर कोई वैश्विक नेता दबाव बनाकर हमारी विदेश व आर्थिक नीतियों को प्रभावित न कर सकेगा। विडंबना यह है कि चीन के लगातार शत्रुतापूर्ण व्यवहार व सीमा पर तनाव के बावजूद चीनी उत्पादों का आयात बढ़ता ही जा रहा है। यहां तक कि हमारे त्योहारों का सामान भी चीन से बनकर आ रहा है। जरूरत इस बात की भी है कि हम अपने विशाल असंगठित क्षेत्र को संगठित क्षेत्र में शामिल करने के लिये प्रयास करें। हम याद रखें कि चीन ने अपने देश में लघु उद्योगों को संगठित करके ही दुनिया में उत्पादन के क्षेत्र में बादशाहत हासिल की है। विश्व में सबसे बड़ी आबादी वाले देश भारत को अपनी युवा आबादी की क्षमता का उपयोग करने के लिये इस दिशा में बड़ी पहल करनी होगी। हमारा शिक्षा का ढांचा इस तरह तैयार हो कि हम कौशल विकास को अपनी प्राथमिकता बनाएं। जिससे हम कालांतर कृत्रिम बुद्धिमत्ता और आधुनिक तकनीक का उपयोग उत्पादन बढ़ाने के लिये कर सकें। तब स्वदेशी के संकल्प से भारत न केवल आत्मनिर्भर होगा, बल्कि हम गुणवत्तापूर्ण निर्यात के जरिये अपने दुर्लभ विदेशी मुद्रा भंडार को भी समृद्ध कर सकेंगे।

## संपादकीय

### अशोभनीय हरकत


हवाई यात्रा करने वालों को कैसे समझाया जाए कि धरती से ऊपर हवा में सफर करने में सक्षम होना उन्हें दूसरे ग्रह का प्राणी नहीं बना देता। वे भी आम लोगों जैसे ही होते हैं। उन्हें भी दूसरे यात्रियों जितने ही विशेषाधिकार होते हैं। इसमें कोई बात मनमुताबिक न होने पर किसी से दुर्व्यवहार करने का अधिकार तो कतई नहीं होता। चाहे मामला सहयात्रियो से संबंधित हो या हवाई अड्ड़ा कर्मचारियों से, दुर्व्यवहार बिलकुल मान्य नहीं है। श्रीनगर हवाई अड्डे पर 26 जुलाई को जो हुआ वह निंदनीय तो है ही आपराधिक गतिविधि भी है। मामूली सी बात पर एक यात्री ने चार कर्मचारियों पर बर्बर हमला किया। वाकया स्पाइसजेट से जुड़ा है जिसकी जानकारी रविवार को सामने आई। श्रीनगर से दिल्ली आ रही उड़ान में सवार होने वाले एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने श्रीनगर हवाई अड्डे. पर एयरलाइन के जमीनी रखरखाव करने वाले चार कर्मचारियों के साथ बुरी तरह मारपीट की इन कर्मचारियों में से एक की तो रीढ. की हड्ड़ी ही टूट गई। एयरलाइन ने पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई है। नागर विमानन नियमों के अनुसार यात्री को 'नो-फ्लाई' सूची में ड़ालने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बात मामूली सी थी, यात्री काफी सामान लेकर जा रहा था जो निर्धारित मानक भार से काफी अधिक था। उससे अतिरिक्त सामान के लिए भुगतान करने को कहा गया। यहीं बात बिगड़.गई। सोशल मीड़िया पर साझा किए गए घटना के वीड़ियो में यात्री को कर्मचारियों पर हमला करते और उनमें से एक पर हवाई अड्डे.पर रखे जाने वाले स्टैंड़ से हमला करते हुए देखा गया। घायल कर्मचारियों को अस्पताल ले जाना पड़ा। स्पाइसजेट के अनुसार 26 जुलाई, 2025 को श्रीनगर से दिल्ली आ रही उड़ान संख्या एसजी-386 के वोर्डिंग गेट पर एक यात्री ने स्पाइसजेट के चार कर्मचारियों पर गंभीर हमला किया। दरअसल, यह यात्री एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी था। इससे तो बात और गंभीर हो जाती है। क्या सैन्य अधिकारी नियम कानूनों से परे होते हैं। शायद इस यात्री का विचार रहा होगा कि कर्मचारी उसके पद के दबाव में आ जाएंगे। जब ऐसा नहीं हुआ तो उसका गुस्सा भड़क उठा । हालांकि अभी तक इस यात्री का पक्ष सामने नहीं आया है, लेकिन हिंसा तो किसी बात का समाधान नहीं है। और अधिकारी होने के नाते भी उसका गुस्सा जायज नहीं कहा जा सकता। कल्पना ही की जा सकती है कि वह अपने अधीनस्थों से कैसा व्यवहार करता होगा।

## चिंतन-मनन

### मन की शक्ति

मन को जीवन का केंद्रबिंदु कहना असंभव नहीं है। मनुष्य की क्रियाओं, आचरणों का प्रारंभ मन से ही होता है। मन तरह-तरह के संकल्प, कल्पनाएं करता है। जिस ओर उसका रुझान हो जाता है उसी ओर मनुष्य की सारी गतिविधियां चल पड़ती है। जैसी कल्पना हो उसी के अनुरूप प्रयास-पुरुषार्थ एवं उसी के अनुसार फल सामने आने लगते हैं। मन जिधर रस लेने लगे उसमें लौकिक लाभ या हानि का बहुत महत्व नहीं रह जाता। प्रिय लगने वाले के लिए सब कुछ खो देने और बड़े से बड़े कष्ट सहने को भी मनुष्य सहज ही तैयार हो जाता है। मन यदि अच्छी दिशा में मुड़ जाए; आत्मसुधार, आत्मनिर्माण और आत्मविकास में रुचि लेने लगे तो जीवन में एक चमत्कार हो सकता है। सामान्य श्रेणी का मनुष्य भी महापुरुषों की श्रेणी में आसानी से पहुंच सकता है। सारी कठिनाई मन को अनुपयुक्त दिशा से उपयुक्त दिशा में मोड़ने की ही है। इस समस्या के हल होने पर मनुष्य सच्चे अर्थ में मनुष्य बनता हुआ देवत्व के लक्ष्य तक सुविधापूर्वक पहुंच सकता है। शरीर के प्रति कर्तव्य पालन करने की तरह मन के प्रति भी हमें अपने उत्तरदायित्वों को पूर्ण करना चाहिए। कुविचारों और दुर्भावनाओं से मन गंदा, मलिन और पतित होता है, अपनी सभी विशेषता और श्रेष्ठताओं को खो देता है। इस स्थिति से सतर्क रहने और बचने की आवश्यकता का अनुभव करना हमारा पवित्र कर्तव्य है। मन को सही दिशा देते रहने के लिए स्वाध्याय की वैसी ही आवश्यकता है जैसे शरीर को भोजन देने की। आत्मनिर्माण करने वाली जीवन की समस्याओं को सही ढंग से सुलझाने वाली उत्कृष्ट विचारधारा की पुस्तकें पूरे ध्यान, मनन और चिंतन के साथ पढ़ते रहना ही स्वाध्याय है। यदि सुलझे हुए विचारों के जीवन विद्या के ज्ञाता कोई संभ्रांत सज्जन उपलब्ध हो सकते हों तो उनका सत्संग भी उपयोगी सिद्ध हो सकता है। मन का स्वभाव बालक जैसा होता है, उमंग से भरकर वह कुछ न कुछ करना-बोलना चाहता है। यदि दिशा न दी जाए तो उसकी क्रियाशीलता तोड़-फोड़ एवं गाली-गलौज के रूप में भी सामने आ सकती है।

# भारतीय सेना ही देश के असली नायक



संजय गोस्वामी

ऑपरेशन सिंदूर पर पाकिस्तान को सबक भारतीय सेनाओं ने अपनी जान की परवाह किए बिना देश को सुरक्षित किया इसकी प्रशंसा करनी चाहिए इसे राजनीति के दृश्टिकोण के नजरिया से नहीं बल्कि देश हित मे देखना चाहिए क्योंकि उनकी हमेशा मानसिकता देश को बचाने की होती है और सेना का मनोबल हर उस देश का राष्ट्रपति सेना को उनकी बहादुरी पर सम्मान करता है इसे आप कितनी बार यूक्रेन के राष्ट्पति जेलेस्की ने रूस से लड़ने वाले सेनाओं का सम्मान किया है ऐ अलग बात है भारत को इससे लेना देना नहीं है लेकिन यहाँ के यूटूबर्स और कुछ मीडिया चैनलों पर देश में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सियासत करते नजर आते हैं लेकिन सेना के पराक्रम को नजरअंदाज कर देते हैं इसका फायदा शत्रु देश उठाते हैं और भारत माता के प्रति अपनी नकारात्मक छवि को दशार्ते हैं यू टुब बना कर मीडिया में दिखाना बहुत आसान है हम भी बना लेंगे और डाउनलोड कर देंगे लेकिन इसपर सेना के प्रवक्ता ने जब सब कुछ खुल कर बता दिए हैं कि हम तीन मोर्चो पर पाकिस्तान से लड़ रहें थे और नुकसान भी हुआ लेकिन जो टारगेट था उसे प्राप्त किया है तो ऐसे में खुद यू टुब बनाकर डालना बचकाना हरकत होगा और लोगों में गलत धारना पैदा होगा सेना का मनोबल गिरेगा

याद होगा कारगिल का युद्ध जिसमें पाकिस्तान द्वारा धोखे से कारगिल की ऊंची चोटियों पर कब्जा करने के बाद, भारतीय सेना ने ऑपरेशन विजय के तहत अदम्य साहस और दृढ़ संकल्प के साथ जवाबी कार्रवाई की। कैप्टन विक्रम बत्रा, कैप्टन मनोज कुमार पांडे, ग्रेनेडियर योगेन्द्र सिंह यादव जैसे वीरों ने सर्वोच्च बलिदान देकर इन चोटियों को वापस हासिल किया। इस युद्ध में भारतीय सेना ने पहाड़ी युद्ध में अपनी अद्वितीय क्षमता साबित की।

इन युद्धों में भारतीय सेना ने न केवल देश की सीमाओं की रक्षा की, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पेशेवर दक्षता और नैतिक मूल्यों का भी प्रदर्शन किया।अतः भारतीय सेनाओ के पराक्रम के बारे में नकारात्मक वीडियो बनाकर यू टुब पर दिखाना उचित नहीं इसमें प्रधानमंत्री को भी लपेटे में लेते हैं जो लोकतान्त्रिक तरीके से चुनकर आते हैं जब चुनाव आएगा तब आप अपने अधिकार का प्रयोग कर मनमुताबिक सरकार को चुन लेना लेकिन याद कीजियेगा वो दिन भी जब आतंकवादी की जड़ केवल जम्मू काश्मीर तक नहीं था बल्कि मुंबई, दिल्ली और गुजरात भी भुगता है असल में 26/11/2008 में आतंकी हमले में मारे गए लोगों से पूछिए की इससे उनको खुशी मिली या नहीं मिली उस समय पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन तो टीवी में साफ बोलरहें थे कि हैदराबाद को पाकिस्तान बनाने की बात जब सबको बंधक बनाए और बहुत ही बेहरहमी से कत्ल कर दिए गए किसी के पेट फाड दिया किसी का गर्दन काटा गया अतः आप खुद पहले अपने आप को देखिए कि आपने उस समय पाकिस्तान पर अटैक क्यों नहीं किया और जब आतंकवादी कसाब ने पाकिस्तान नाम खुलेआम लिया तो क्या आप सो रहें थे सेना उस समय बहुत गुस्से में थे और आर पार के मूड में थे लेकिन कोई भी आतंकी संगठन को एक खारोंज तक नहीं आने देना ऐ कितनी शर्म की बात है सेना के लिए ना तो दिन होता है ना रात लड़ाई में गोली लगने के बाद भी लड़ते हैं और अंतिम सांस तक भारत माता के लिए शहीद होते हैं क्या उनके पराक्रम को नजरअंदाज करना देशहित में है और यूटुबर एक्सपीरियंस मेहमानों को भी बुलाते हैं वे वहीं हैं जो किसी कारण सत्ता में जगह नहीं मिलने पर मोदीजी के खिलाफ नेरेटिव फैलाते है आप जब यूपीए शासन में थे तो हिम्मत तो दिखाना चाहिए और जहाँ आक्रमण करना चाहिए वहाँ केवल कागजी कार्यवाही यानि डोसियर देने से आतंकवादी जश्न मना रहें थे क्या 140 करोड़ भारतीय का अपमान नहीं है हमें कोई भी मार कर चला जाए यानि हमारी जान की कीमत नहीं है ऑपरेशन सिंदूर से आतंकवादी संगठन में खौफ पैदा हुआ है अतः दूसरे पर दोष देना या कागजी शेर बने रहने से सच्चा देशभक्त आपको कभी सपोर्ट नहीं करेगा क्योंकि सेनाओं पर सवाल उठाना गलत है जैसे पहले भी दो बार सर्जिकल स्ताईक में हुआ है मै सेना के चयन को देखा हैं मेरा सलेक्शन एसएसबी में भोपाल में हो जाता यदि हम दया का भाव नहीं दिखाते वो भी साइकोलोजिसरट को किसी लेख में कुछ पढ़ने के बाद सवाल किया और बाद में मै भी उनके निर्णय को सम्मान करते हुए वहाँ नहीं जाने का निर्णय लिया क्योंकि वहाँ आपको दुश्मन के साथ दया दिखाने से काम नहीं चलता बन्दुक चलाने का हौसला चाहिए अतःसेना का सम्मान करें जब कारगिल युद्ध हुआ तो ऊँची ऊँची पहाड़ी पर युद्ध लड़ा गया और भारतीय सेनाओ ने अपना दम दिखाया उस समय जो शहीद हुए वहाँ उनके गाँव में स्टैचू आज भी बना दीखता है और सड़क गली का नाम भी उनके सम्मान में रखा गया उस समय मात्र 21वर्ष का एक सेनानी मिला जो रेड लाइट एरिया में गया पूछा तो बताया सेक्स भी तो ईश्वर की देन है जाने से पहले इसे भी आजमा ले बाद में वो शहीद हो गया इसी तरह ट्रेन में दो सेना के लोग मिले एक बेचारा अपने परिवार को कोष रहा था और बाद में मेरी सीट में लेट गया और मै जमीन पर ही सो गया क्योंकि वो मातृभूमि की रक्षा के लिए जा रहें थे दूसरे ने जो ऊपर झोला लटका था उसमें शुद्ध घी के लड्डू बड़े शौक से रखा



था देखा तो सुबह आधा गायब था तो सेनानी ने कहा की सर मुझे बहुत भूख लगी थी फिर वहाँ ड्यूटी करना है मैंने पूरा डब्बा ही दे दिया की रास्ते में भूख लगे तो खा लेना सेना की जिंदगी को आपने कभी करीब से नहीं देखा शराब पीना उनकी मजबूरी होती है घर परिवार से दूर देश की रक्षा के लिए अपने सारे अरमान को दबा कर दुश्मन का डटकर मुकाबला करते हैं उन्हें आप ठीक से पहचानेगें तो मालूम होगा सेना किसी से डरता नहीं है ना तो अपना कोई शौक पूरा कर पाता है ना ही घर परिवार के साथ हमेशा रह पाता है अतः सेना का सम्मान कीजिये और देश प्रेम की भावना से मीडिया में देखाना चाहिए इसमें भी राजनीती करेंगे तो उनका अपमान होता है।

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

# दिल्लीः जाम का झाम और विकास पर ब्रेक



राजेश कुमार सिंह

कुछ दिन पहले का है। दिल्ली की मुख्यमंत्री अपने घर से दफ्तर जाने के क्रम में सुबह-सुबह जाम का शिकार हो गई, तब उन्हें अहसास हुआ कि विकास को लेकर दिल्ली की इमेज को सबसे ज्यादा नुकसान जाम के कारण हो रहा है। ठीक इन्हीं दिनों एक महज संयोग है कि केंद्र सरकार ने भी दिल्ली की सीमा पर लगने वाले ट्रैफिक जाम के लिए एमसीडी टोल प्लाजा को जिम्मेदार ठहराते हुए, इन्हें हटाने को कहा। केंद्र ने सुझाव दिया है कि इन टोल से एमसीडी को होने वाले राजस्व की भरपाई दिल्ली सरकार अपने दूसरे संसाधनों से करे। मसलन यूपी से रोजाना दिल्ली आने वाले हजारों लोगों को लगा कि जल्द ही जाम से छुटकारा मिलने वाला है। क्योंकि एन एच-9 समेत कई एमसीडी टोल बूथ को हटाने की तैयारी चल रही है। इसके हटने के बाद यहां ट्रैफिक जाम से निजात मिल सकती है।

बड़े शहरों में सड़क जाम कोई हालिया समस्या नहीं है। अब दिल्ली की सीमाओं पर लगी लंबी कतारों के लिए दिल्ली सरकार और एमसीडी जैसी एजेंसियों ने व्यावसायिक वाहनों से प्रवेश शुल्क वसूलने के लिए लगे बूथ हटाने पर अपनी सहमति जताई है। अब मल्टी-लेन फ्री फ्लो सिस्टम लागू किया जाएगा। वाहन बिना रोके गुजर सकेंगे। फास्टैग के जरिए शुल्क काटा जाएगा। अगर राजधानी की सीमाओं पर लंबी कतारें खत्म न भी हों, तो कम जरूर हो सकती हैं, लेकिन दिल्ली सरकार, दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और सड़क परिवहन मंत्रालय जैसी एजेंसियों ने सर्वसम्मति से व्यावसायिक वाहनों से प्रवेश शुल्क और ग्रीन सेस वसूलने के लिए राजमार्गों पर लगे बूथ हटाने पर सहमति जताई। जाम से रोजाना हजारों लोग समस्या से गुजरते हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों पर शुल्क प्लाजा पर उपयोगकर्ता शुल्क एनएच शुल्क नियम, 2008 के अनुसार एकत्र किए जाते हैं। हलांकि सरकार ने पब्लिक के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों के उन खंडों के लिए टोल दरों में 50प्र. तक की कमी कर दी है, जिनमें सुरंगों, पुलों, फ्लाईओवरों या ऊंचे खंडों जैसी संरचनाएं हैं। ताकि इस कदम से मोटर चालकों के लिए यात्रा लागत कम हो। दिलचस्प है कि ये जाम का असर राष्ट्रव्यापी है। आमतौर पर हरेक बोलचाल में इसे सुना जा सकता है। आंकड़े पर नजर डालें तो नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के टोल इन्फार्मेशन सिस्टम के रिकॉर्ड के मुताबिक कश्मीर से कन्याकुमारी तक देश में कुल 1057 एन एच आई टोल हैं। इसमें करीब 78 टोल तो आंध्र प्रदेश में ही हैं। बिहार में नेशनल हाईवे के 33 टोल हैं जबकि यूपी में 123 टोल प्लाजा हैं। वर्तमान में देश में 11 नेशनल एक्सप्रेस वे हैं। इनमें से 8 पूरी तरह से संचालित हैं जबकि बाकी 3 अभी निमार्णाधीन हैं। इन सभी एक्सप्रेस वे पर भी आपको अलग से टोल देने की जरूरत नहीं है। इन एक्सप्रेस वे में अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेस वे, ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे, दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेस वे, अवध एक्सप्रेस वे[illegible] बंगलुरु-चेन्नई एक्सप्रेसवे शामिल है। दिल्ली में मिलने वाली राहत पर देश की नजर है। जाहिर सी बात है कि इस मामले में दिल्ली नजीर बन सकती है। हलांकि दिल्ली की सीमाओं पर प्रवेश करने वाले भारी व्यावसायिक वाहनों से वसूले जाने वाले पर्यावरण क्षतिपूर्ति उपकर (ईसीसी) या हरित उपकर के संग्रह का समाधान खोजने के लिए सभी एजेंसियों के बीच एकमतता बनाने में काफी समय लगा। जिसके कारण दिल्ली को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर लंबा ट्रैफिक जाम लगता रहा। एमसीडी वर्तमान में दिल्ली सरकार द्वारा 2007 में अधिसूचित टोल शुल्क ले रही है। अधिकारी ने कहा, 'टैक्सियों के लिए, शुल्क 100 रुपये प्रति ट्रिप (एमसीडी टैग के बिना) या 3,000 रुपये प्रति माह (एमसीडी टैग के साथ) है, और वाणिज्यिक ट्रकों के लिए शुल्क अधिक है।

'शुरू आत में 124 टोल नाके थे, लेकिन बाद में 30 और जुड़ गए, जिससे कुल संख्या 156 हो गई। कुल प्रवेश द्वारों में से 13 पर आरएफआईडी लगा है और 111 स्थानों पर टोल वसूली के लिए हैंडहेल्ड उपकरणों का इस्तेमाल किया जाता है। राष्ट्रीय राजधानी में प्रतिदिन औसतन 1,05,989 व्यावसायिक वाहन प्रवेश करते हैं। इनमें से लगभग 70,000 वाहन टैक्सी या कैब हैं। मल्टी लेन फ्री फ्लो (एमएमएलएफ) टोल और प्रवेश शुल्क संग्रह प्रणाली लागू करने का निर्णय से या एमसीडी प्रवेश कर को



पूरी तरह समाप्त करने से सालाना लगभग 800 करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान होने की उम्मीद है और इससे वित्तीय स्थिति पर गंभीर असर पड़ेगा, जबकि दिल्ली नगर निगम (नागरिक निकाय का लक्ष्य अब सालाना 950-1,000 करोड़ रुपये एकत्र करना है। सड़क परिवहन मंत्रालय ने हाल ही में एक संसदीय पैनल को आश्वासन दिया कि सरकार सीमा पर भीड़भाड़ को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है और प्रस्तावित बदलावों के लिए सर्वोच्च न्यायालय की मंजूरी लेगी। मतलब अगर आप ये सोच रहे हैं कि नया पास बनवाना घाटे का सौदा हो सकता है तो शायद यह गलत ही होगा।

# हंगामे के बीच रास में मणिपुर में राष्ट्रपति शासन बढ़ाने का प्रस्ताव पारित

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण सहित विभिन्न मुद्दों पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण राज्यसभा की बैठक एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बज कर पंद्रह मिनट पर पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। हंगामे के बीच ही मणिपुर में राष्ट्रपति शासन छह महीने और बढाने के प्रावधान वाले सांविधिक संकल्प को ध्वनिमत से मंजूरी दी गई। लोकसभा इसे पहले ही मंजूरी दे चुकी है।

सदन की बैठक पूर्वाह्न11 बजे जब शुरू हुई तो बीते सप्ताह राज्यसभा में सदन के अंदर मार्शलों की जगह सीआईएसएफ के जवानों की तैनाती तथा बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण सहित विभिन्न मुद्दों पर विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया। उपसभापति हरिवंश और सरकार दोनों ने ही सदन के अंदर मार्शलों की जगह सीआईएसएफ के जवानों की तैनाती किए जाने संबंधी विपक्ष का दावा सिरे से खारिज कर दिया।

हरिवंश ने सदन को सूचित किया कि नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बीते सप्ताह राज्यसभा में सीआईएसएफ के जवानों की तैनाती को लेकर उन्हें एक पत्र लिखा था। उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि खरगे का वह पत्र मीडिया के पास पहुंच गया। शुक्रवार को लिखे पत्र में, खरगे ने कहा था कि सदन में सीआईएसएफ के जवान तैनात है और विपक्षी नेताओं को उनके लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करने से रोक रहे है।हरिवंश ने कहा



**राज्यसभा में नहीं टूटा गतिरोध, कार्यवाही स्थगित**

कि सदन में बार-बार व्यवधान उत्पन्न किए जा रहे है और यह सवाल उठाया कि नारेबाजी करना, आसन के समक्ष आना और अन्य सदस्यों को बाधित करना कैसे लोकतांत्रिक विरोध का हिस्सा हो सकता है। विपक्ष के नेता खरगे ने जवाब में कहा कि उन्होंने पत्र की जानकारी सदस्यों के हित में प्रेस नोट के जरिए साझा की। उन्होंने जोर देकर कहा कि विपक्ष लोकतांत्रिक तरीके से विरोध कर रहा है और करता रहेगा। इस पर उपसभापति ने कहा, ''वे सीआईएसएफ के कर्मी नहीं थे, वे संसद सुरक्षा सेवा के कर्मी थे।'' कांग्रेस नेता ने सवाल किया कि संसद सुरक्षा सेवा सांसदों की सुरक्षा के लिए सक्षम है, लेकिन ''क्या आप सदन को पुलिस और सेना के जरिए चलाना चाहते है? हरिवंश ने एक बार फिर दोहराया कि तैनात कर्मी संसद सेवा के थे। उन्होंने खरगे से आग्रह किया कि वे सदन को गुमराह न करें।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने पूछा कि जब नेता प्रतिपक्ष भ्रामक तथ्य प्रस्तुत करते है या गलत जानकारी वाले पत्र लिखते है तो उनके विरुद्ध क्या कार्रवाई की जानी चाहिए। ''सदन में केवल मार्शल ही आ सकते है और उस दिन केवल मार्शल ही मौजूद थे। नेता प्रतिपक्ष भ्रामक जानकारी दे रहे है।'' इसके बाद उपसभापति ने फिर से खरगे को बोलने का मौका दिया। नेता प्रतिपक्ष ने पूछा, ''क्या यह सदन आप चला रहे है या गृह मंत्री अमित शाह?'' हरिवंश ने तत्काल कहा कि यह आरोप ''गलत'' है। सदन के नेता और केंद्रीय मंत्री जे. पी. नड्डा ने कहा कि उन्होंने विपक्ष में 40 वर्षो तक काम किया है और कांग्रेस को प्रभावी विपक्ष बनने के लिए उनसे ''ट्यूशन'' लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि विपक्ष के कुछ कृत्यों को लोकतांत्रिक विरोध नहीं, बल्कि ''अराजकता'' कहा जा सकता है। उप सभापति ने कहा कि 25 जुलाई, 28 जुलाई, 31 जुलाई और 01 अगस्त को विपक्षी सदस्यों ने स्वयं तो हंगामा किया लेकिन सदन में इन तारीखों पर अपनी बात रख रहे दूसरे सदस्यों को भी बोलने से रोकने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि यह अलोकतांत्रिक है।

हरिवंश ने कहा ''वर्तमान सत्र में विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर अब तक 150 तारांकित सवाल, 150 शून्यकाल के मुद्दे, तथा 150 विशेष उल्लेख उठाने का मौका था। लेकिन व्यवधान के कारण केवल 13 तारांकित प्रश्न, शून्यकाल के तहत पांच मुद्दे तथा 17 विशेष उल्लेख ही हो पाए। व्यवधान की वजह से सदन के 41 घंटे 11 मिनट गंवाए जा चुके है जिसकी भरपाई नहीं हो सकती। द्रमुक के तिरुचि शिवा ने व्यवस्था का प्रश्न उठाते हुए कहा कि यह सदन विचार विमर्श और चर्चा के लिए है। हरिवंश ने 11 बज कर 45 मिनट पर बैठक को दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दिया। एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे बैठक शुरू होने पर विपक्षी सदस्यों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की मांग उठाई। कुछ सदस्य आसन के समीप आ कर ''वोट की चोरी बंद करो'' और ''एसआईआर बंद करो'' के नारे लगाने लगे।

# शिबू सोरेन का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार



**नेमरा (झारखंड) (भाषा)।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का रामगढ़ जिले में स्थित उनके पैतृक गांव नेमरा में मंगलवार को पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान देश के शीर्ष नेताओं से लेकर बड़ी संख्या में आम लोगों ने नम आंखों से 'दिशोम गुरु' को अंतिम विदाई दी।

सोरेन को जनता प्यार से 'दिशोम गुरु' कहती थी। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के सह-संस्थापक के पैतृक गांव नेमरा में हर कोई अपने प्रिय नेता के निधन से गमजदा था। उनके बड़े बेटे और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जैसे ही मुखाग्नि दी, लोगों ने 'गुरुजी अमर रहें' के नारे लगाए। झामुमो के सह-संस्थापक का सोमवार को दिल्ली के एक अस्पताल में गुर्दे संबंधी बीमारी के इलाज के दौरान निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित अन्य नेताओं ने राष्ट्रीय राजधानी में दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी।

## संक्षिप्त खबरें

### अमेरिका में श्रम सांख्यिकी ब्यूरो के निदेशक बर्खास्त

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जुलाई में रोजगार संबंधी आंकड़े जारी होने के बाद श्रम सांख्यिकी ब्यूरो के निदेशक को बर्खास्त कर दिया और इन आंकड़ों में हेर फेर किए जाने का आरोप लगाया। अमेरिका में नौकरियों संबंधी मासिक आंकड़ों पर शेयर बाजार के निवेशकों और अर्थशास्त्रियों की पहले से ही नजर रहती है लेकिन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा इस रिपोर्ट की निगरानी करने वाले अधिकारी को शुक्रवार को बर्खास्त किए जाने के बाद ये आंकड़े विशेष रूप से ध्यान आकर्षित कर रहे है। ट्रंप ने दावा किया कि उन्हें और रिपब्लिकन पार्टी के अन्य नेताओं को खराब दिखाने के लिए जून के रोजगार संबंधी आंकड़ों में हेरफेर किया गया था।

### ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो नजरबंद

**साओ पाउलो।** ब्राजील के उच्चतम न्यायालय ने देश के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो को 2022 के चुनाव में हार के बावजूद पद पर बने रहने के लिए तख्तापलट की साजिश रचने के आरोप में नजरबंद करने का सोमवार को आदेश दिया। न्यायमूर्ति एलेक्जेंडर डी मोरेस ने 70 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति के खिलाफ यह आदेश दिया। बोल्सोनारो के वकीलों ने कहा कि वे इस फैसले के खिलाफ अपील करेंगे। बोल्सोनारो अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मित्र है। ब्राजील से आयातित वस्तुओं पर लगाए गए 50 प्रतिशत शुल्क को ट्रंप द्वारा बोल्सोनारो की न्यायिक स्थिति से सीधे तौर पर जोड़े जाने के बाद इस मामले ने बड़े पैमाने पर लोगों का ध्यान आकर्षित किया है।

### जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा देने पर सुनवाई आठ को

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने का केंद्र को निर्देश देने की मांग संबंधी याचिका पर आठ अगस्त को सुनवाई की जायेगी। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन की ओर से याचिका पर सुनवाई के अनुरोध पर कहा कि इस मामले में आठ अगस्त को सुनवाई की जाएगी। उन्होंने 'विशेष उल्लेख' करते हुए कहा कि यह मामला आठ अगस्त को सूचीबद्ध दिखाया गया है।

# भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के काफिले पर हमला

**कूचबिहार (भाषा)।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के काफिले पर राज्य के कूचबिहार जिले में प्रदर्शन के दौरान तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने कथित तौर पर हमला किया। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस ने इन आरोपों को ''सुनियोजित नाटक'' करार दिया। कूचबिहार पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर भाजपा के प्रदर्शन का नेतृत्व करने उत्तर बंगाल जिले गए शुभेंदु अधिकारी को नारेबाजी का सामना करना पड़ा। उन्हें खगराबाड़ी इलाके के पास काले झंडे दिखाए गए।

भाजपा नेताओं के अनुसार, तृणमूल कांग्रेस पार्टी के झंडे और काले झंडे लिए तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भीड़ दोपहर करीब 12 बजकर 35 मिनट पर खगराबाड़ी चौराहे पर जमा हो गई। उसी वक्त अधिकारी का काफिला इलाके से गुजर रहा था।



भाजपा नेताओं के अनुसार, प्रदर्शनकारियों ने कथित तौर पर ''वापस जाओ'' के नारे लगाए और अधिकारी के वाहन पर जूते फेंके। उनके काफिले में शामिल एक वाहन का शीशे टूट गया।

अधिकारी उससे पहले दिन में कोलकाता से हवाई मार्ग से बागडोगरा पहुंचे थे और कूचबिहार स्थित एसपी कार्यालय जा रहे थे, उसी दौरान यह घटना हुई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिले में पार्टी विधायकों पर हाल में हुए हमलों के विरोध में कूचबिहार एसपी कार्यालय का घेराव करने की योजना बनाई थी। विधानसभा में विपक्ष के नेता अपने इस दौरे के दौरान पुलिस अधीक्षक से मिलने वाले थे। भाजपा ने हमले का आरोप राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर लगाया और दावा किया कि यह ''विपक्ष के नेता को डराने की एक पूर्व नियोजित कोशिश'' थी। तृणमूल कांग्रेस ने हालांकि दावा किया कि इसमें तृणमूल कांग्रेस का कोई भी कार्यकर्ता शामिल नहीं था और यह हमला ''भाजपा के आंतरिक कलह का नतीजा'' है। घटनास्थल से प्राप्त दृश्यों में प्रदर्शनकारियों द्वारा काफिले में शामिल वाहनों पर टीएमसी पार्टी के झंडे लहराते हुए दिखाया गया, जबकि भीड़ की ओर से जूते फेंके जाते हुए भी देखा गया। इस घटना में किसी के घायल होने की पुष्टि नहीं हुई है। कूचबिहार में तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के अनुसार, उन्होंने मंगलवार को जिले के विभिन्न हिस्सों में 'भाषा आंदोलन' का आयोजन किया।

# बिहार : स्कूल शिक्षकों की भर्ती के लिए डोमिसाइल नीति मंजूर

**पटना (एसएनबी)।** बिहार मंत्रिमंडल ने मंगलवार को शिक्षकों की भर्ती में अधिवास (डोमिसाइल) नीति लागू करने को मंजूरी दे दी जिससे राज्य के 'मूल निवासियों' के लिए लगभग 85 प्रतिशत पद आरक्षित हो जाएंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को घोषणा की थी कि स्कूली शिक्षकों की भर्ती के लिए यह नीति लागू की जाएगी। इस वर्ष के अंत में होने विधानसभा चुनाव से पहले इस फैसले को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

कैबिनेट सचिवालय के अतिरिक्त मुख्य सचिव एस. सिद्धार्थ ने कैबिनेट बैठक के बाद कहा, शिक्षकों की भर्ती परीक्षाओं में राज्य के मूल निवासियों को वरीयता देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा, राज्य के निवासियों के लिए पहले से ही 50 प्रतिशत से अधिक सीट आरक्षित है क्योंकि एससी, एसटी, ओबीसी और अत्यंत पिछड़े वर्गो के लिए आरक्षण लगभग 50 प्रतिशत है, जबकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो के लिए 10 प्रतिशत आरक्षित है। सिद्धार्थ ने कहा, 35 प्रतिशत सीट महिलाओं के लिए आरक्षित है और सरकार पहले ही यह निर्णय ले चुकी है कि उस आरक्षण में केवल राज्य के निवासियों को ही जगह दी जाएगी। उन्होंने कहा, शेष सीट में से 40 प्रतिशत अब बिहार के मूल निवासियों के लिए आरक्षित होंगी, जिन्होंने अपनी 10वीं और 12वीं कक्षा राज्य में ही पूरी की है। इस प्रकार मूल निवासियों के लिए आरक्षण प्रभावी रूप से 85 प्रतिशत से अधिक होगा। राज्य ने हाल के दिनों में इस मुद्दे पर बड़े पैमाने पर प्रदर्शन देखा है।

विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने उनके राजद के सत्ता में आने पर '100 प्रतिशत अधिवास' का वादा किया था। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान भी अधिवास नीति के कार्यान्वयन की मांग के समर्थन में

**नीतीश कैबिनेट के फैसले से राज्य के 'मूल निवासियों' के लिए 85 प्रतिशत पद आरक्षित हो जाएंगे**

सामने आए। बड़ी संख्या में युवाओं ने इस मुद्दे पर एक अगस्त को पटना में एक प्रदर्शन किया था। मंत्रिमंडल ने सरकारी स्कूलों के 2,350 शारीरिक शिक्षा शिक्षकों के मानदेय को 8000 रुपये से बढ़ाकर 16,000 रुपये प्रतिमाह बढ़ा दिया। उन्हें 400 रुपये की वार्षिक वृद्धि भी मिलेगी। राजधानी में माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में काम करने वाले 6000 नाइट गार्ड के मानदेय को प्रति माह 6,000 से बढ़ाकर 10,000 रुपये करने के प्रस्ताव का भी अनुमोदन किया गया है। सिद्धार्थ ने कहा, शिक्षा विभाग में मध्याह्न भोजन कार्यक्रम के तहत काम करने वाले 2.18 लाख रसोइयों के मानदेय को दोगुना करने का निर्णय भी लिया गया। यह 1,650 रुपये से बढ़कर 3,300 रुपये प्रतिमाह हो गया था।

मंत्रिमंडल ने मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और ममता स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के लिए प्रोत्साहन में वृद्धि को भी मंजूरी दी। अधिकारी ने कहा, आशा कार्यकर्ताओं को अब 1000 रुपये बजाय 3000 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

इसी तरह, ममता कार्यकर्ताओं को 300 रुपये के बजाय 600 रुपये प्रति आपूर्ति की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा, ग्रामीण क्षेत्रों में बिहार लोहिया स्वच्छ अभियान के तहत स्वच्छता श्रमिकों और पर्यवेक्षकों के लिए मासिक प्रोत्साहन को बढ़ाकर क्रमशः 5000 रुपये और 9000 रुपये तक करने को मंजूरी दी गई है। मंत्रिमंडल ने राज्य के सभी पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करने के लिए अपनी मंजूरी दे दी। प्रत्येक डिजिटल लाइब्रेरी में आगंतुकों के लिए 10 कंप्यूटर होंगे।

## उप्र : असुरक्षित स्कूल भवनों को ध्वस्त करने का आदेश

**लखनऊ (एसएनबी)।** उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से मंगलवार को जारी एक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए बेसिक शिक्षा विभाग परिषदीय विद्यालयों में जर्जर भवनों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सक्रिय हो गया है।

बयान में कहा गया है कि राज्य के जिलों को निर्देश दिया गया है कि वे जर्जर भवनों की तत्काल पहचान करें, उनका सत्यापन करके ध्वस्त करें और छात्रों व शिक्षकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। यह निर्णय स्कूल परिसरों में असुरक्षित इमारतों के बारे में हाल ही में हुए खुलासों के बाद लिया गया है। इन भवनों से छात्रों के जीवन को खतरा था और विभाग की छवि पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा था। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर किसी भी ढांचे के ढहने या किसी दुर्घटना की सूचना मिलती है, तो संबंधित अधिकारी सीधे तौर पर जिम्मेदार होगा।

# चिकित्सा पेशेवरों की सुरक्षा रिपोर्ट पर एनटीएफ दे जवाब : एससी

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को चिकित्सा पेशेवरों की सुरक्षा के लिए गठित राष्ट्रीय कार्यबल (एनटीएफ) को निर्देश दिया कि वह लैंगिकता आधारित हिंसा को रोकने और अस्पतालों में सुरक्षा प्रोटोकॉल विकसित करने के संबंध में राज्यों और अन्य हितधारकों द्वारा दाखिल रिपोर्ट पर अपना जवाब दाखिल करे।

**शीर्ष अदालत ने पिछले साल 20 अगस्त को चिकित्सा पेशेवरों की सुरक्षा प्रोटोकॉल तैयार करने के लिए एनटीएफ का गठन किया था**

शीर्ष अदालत ने पिछले साल 20 अगस्त को स्वतः संज्ञान लेते हुए कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक महिला चिकित्सक के साथ बलात्कार और हत्या की घटना के मद्देनजर चिकित्सा पेशेवरों की सुरक्षा पर एक प्रोटोकॉल तैयार करने के लिए एनटीएफ का गठन किया था। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने मंगलवार को सुनवाई के दौरान एनटीएफ को अपना जवाब दाखिल करने के लिए आठ सप्ताह का समय दिया। शीर्ष अदालत ने इससे पहले नई दिल्ली स्थित एम्स समेत सभी अस्पतालों को निर्देश दिया था कि वे उन चिकित्सकों की अनाधिकृत अनुपस्थिति को नियमित करें जो कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में एक चिकित्सक के साथ बलात्कार और हत्या के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में शामिल थे। इसके बाद न्यायालय ने चिकित्सकों के एक संगठन की दलीलों पर गौर किया, जिसमें कहा गया था कि कुछ अस्पतालों ने 22 अगस्त 2024 के आदेश के बाद चिकित्सकों की अनुपस्थिति को नियमित कर दिया है।

## केरल में भारी बारिश, तीन जिलों में रेड अलर्ट

**तिरुवनंतपुरम (भाषा)।** केरल के कई हिस्सों में सोमवार रातभर हुई भारी बारिश के कारण सड़कों एवं निचले इलाकों में जलभराव हो गया तथा मंगलवार को राज्य की कई नदियों और बांधों का जलस्तर बढ़ गया। राज्य में भारी बारिश जारी रहने के बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने एर्नाकुलम, इडुक्की और त्रिशूर जिलों में आज यानी मंगलवार के लिए रेड अलर्ट जारी किया है।

आईएमडी ने इसके अलावा, पांच अन्य जिलों में ऑरेंज अलर्ट और शेष छह जिलों में मंगलवार के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। रेड अलर्ट 24 घंटे में 20 सेंटीमीटर से अधिक की अत्यधिक भारी बारिश को दर्शाता है जबकि ओरेंज अलर्ट का अर्थ 11 सेमी से 20 सेमी तक की बहुत भारी बारिश और येलो अलर्ट का अर्थ छह सेमी से 11 सेमी के बीच भारी वर्षा है। पथनमथिट्टा, इडुक्की, त्रिशूर, पलक्कड़ और वायनाड जिलों में बिजली उत्पादन और सिंचाई सेवाओं के लिए संचालित कई बांध जल स्तर में वृद्धि के कारण अलर्ट के तीसरे चरण पर है।

# 105 करोड़ के SCERT घोटाले में पूर्व आईएएस अफसर पर ईडी के छापे

**गुवाहाटी (भाषा)।** ईडी ने असम राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) में 105 करोड़ रुपये के कथित घोटाले के सिलसिले में मंगलवार को सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी सेवाली देवी शर्मा और अन्य के खिलाफ छापेमारी की।

**छापे की कार्रवाई आठ परिसरों पर धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत की गई**

आधिकारिक सूत्रों ने बताया, एससीईआरटी की पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष एवं निदेशक शर्मा एवं उनके कुछ कथित सहयोगियों के आठ परिसरों पर धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत छापे मारे गए। धनशोधन का यह मामला असम के मुख्यमंत्री विशेष सतर्कता प्रकोष्ठ के निर्देश पर पुलिस द्वारा मई 2023 में दर्ज की गई एक प्राथमिकी पर आधारित है। शिकायत दर्ज होने के कुछ दिन बाद ही असम पुलिस ने उन्हें राजस्थान से गिरफ्तार किया था। सूत्रों के अनुसार, शर्मा के खिलाफ पुलिस ने 5.7 करोड़ रुपये की आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में आरोपपत्र दाखिल किया था। आईएएस की 1992 बैच की अधिकारी शर्मा राजस्थान संवर्ग से है। असम में उनके प्रतिनियुक्ति पर रहने के समय 2017 से 2020 तक एससीईआरटी में उनके कार्यकाल के दौरान 105 करोड़ की कथित अनियमितताएं हुई। खबरों में कहा गया है कि उन्हें इस मामले में मार्च में शीर्ष अदालत से जमानत मिल गई थी। ईडी की कार्रवाई पर पूर्व नौकरशाह की प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकी। सूत्रों के अनुसार, शर्मा एससीईआरटी के मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा प्रकोष्ठ की कार्यकारी अध्यक्ष-सह-निदेशक के रूप में कार्यरत थीं। उनके पास राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के दो वर्षीय 'डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन' कार्यक्रम के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी थी।

## भाजपा नेता पर धोखाधड़ी, जबरन संपत्ति रजिस्ट्री और धमकी के आरोप, शाहपुरा थाने में मामला दर्ज



किस्मत भीलवाड़ा

**शाहपुरा,** शंभूपुरा निवासी व्यवसायी महावीर प्रसाद कुमावत ने भाजपा नेता दिलीप गुर्जर और उसके पुत्र दिग्विजय गुर्जर पर 87 लाख रुपए की धोखाधड़ी, जबरन संपत्ति रजिस्ट्री, और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। महावीर ने बताया कि व्यवसाय बढ़ाने के नाम पर उन्हें पहले 4 लाख और फिर किस्तों में 18 लाख रुपये उधार दिए गए। इसके बदले उनसे खाली स्टांप, चेक और दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवाए गए। बाद में उनकी 89 लाख मूल्य की दुकान व भूखंड की जबरन रजिस्ट्री करवा ली गई और सिर्फ 2 लाख का चेक दिया गया। महावीर ने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें बलात्कार के झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। उन्होंने जिला पुलिस अधीक्षक को रिपोर्ट देने के बाद शाहपुरा थाने में मामला दर्ज किया गया।

# भारत-फिलीपींस के बीच नौ समझौतों पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत और फिलीपींस अपनी मर्जी से मित्र और नियति से साझेदार है। उन्होंने यह टिप्पणी ऐसे समय में की, जब दोनों देशों ने आपसी संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाते हुए अपने सशस्त्र बलों के बीच तालमेल बढ़ाने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी और फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर मार्कोस जूनियर के बीच यहां संपन्न द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों ने आपसी संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने की घोषणा की। इससे एक दिन पहले दोनों देशों की नौसेनाओं ने फिलीपींस तट पर संयुक्त अभ्यास किया था। भारत और फिलीपींस ने नौ समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इनमें रणनीतिक साझेदारी की घोषणा एवं कार्यान्वयन, थल सेना, वायु सेना और नौसेना के बीच वार्ता के लिए संदर्भ की शर्तें तथा बाह्य अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण इस्तेमाल पर सहयोग शामिल है।

मोदी ने मार्कोस की मौजूदगी में कहा, हिंद महासागर से लेकर प्रशांत महासागर तक, हम साझा मूल्यों के तहत एकजुट है। हमारी दोस्ती केवल अतीत की साझेदारी नहीं है, यह भविष्य के लिए एक वादा है। भारत की 'एक्ट ईस्ट नीति' और 'महासागर' (क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक एवं समग्र उन्नति) दृष्टिकोण में एक अहम साझेदार है। उन्होंने कहा, हम हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, सुरक्षा, समृद्धि और नियम-आधारित व्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध है। हम अंतरराष्ट्रीय कानूनों के अनुसार नौवहन की स्वतंत्रता का समर्थन करते है। मोदी ने कहा, यह खुशी की बात है कि हमने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने का फैसला लिया है।



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, दोनों देश मर्जी से मित्र और नियति से साझेदार हैं**

इस साझेदारी की संभावनाओं को नतीजों में बदलने के लिए एक व्यापक कार्य योजना भी तैयार की गई है। भारत और फिलीपींस दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 75 साल पूरे होने का जश्न मना रहे है। इस अवसर पर मोदी और मार्कोस ने एक डाक टिकट जारी किया। मोदी ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा करने और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ खड़े होने के लिए फिलीपींस सरकार का आभार जताया। मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच बढ़ते रक्षा संबंध गहरे आपसी विश्वास का प्रतीक है।

# पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति लागू कर सकते हैं प्रदूषण बोर्ड

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में पर्यावरणीय क्षति के लिए प्रतिपूर्ति और प्रतिपूरक हर्जाना लगाने के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारों को बरकरार रखा और कहा कि रोकथाम एवं निवारक उपाय पर्यावरणीय प्रशासन के अधीन होने चाहिए।

**सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा**

न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि जल अधिनियम और वायु अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड संवैधानिक और वैधानिक रूप से वास्तविक या संभावित पर्यावरणीय क्षति के लिए हर्जाना लगाने का अधिकार रखते हैं। न्यायमूर्ति नरसिम्हा ने सोमवार को दिए गए फैसले में लिखा, 'भारतीय पर्यावरण कानूनों को नियंत्रित करने वाले सिद्धांतों पर विचार करने के बाद हमारा मानना है कि जल और वायु अधिनियमों के तहत शक्तियों का प्रयोग करने वाले पर्यावरण नियामक यानी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड संभावित पर्यावरणीय क्षति को रोकने के लिए एक निश्चित राशि के रूप में क्षतिपूर्ति या प्रतिपूरक हर्जाना लगा सकते हैं और वसूल सकते हैं या पूर्व-निर्धारित उपाय के रूप में बैंक गारंटी प्रस्तुत करना आवश्यक कर सकते हैं। फैसले में कहा गया है कि ये शक्तियां जल एवं वायु अधिनियमों की धारा 33ए और 31ए के तहत प्रदत्त शक्तियों के अलावा और सहायक हैं। फैसले के अनुसार, हमने (पीठ ने) निर्देश दिया है कि इन शक्तियों का प्रयोग अधीनस्थ विधान द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किया जाना चाहिए, जिसमें प्राकृतिक न्याय, पारदर्शिता और निश्चितता के आवश्यक सिद्धांत शामिल हों। हालांकि, पीठ ने स्पष्ट किया कि इस तरह के हर्जाने आपराधिक दंड से भिन्न होते हैं, क्योंकि ये दीवानी प्रकृति के होते हैं और इनका उद्देश्य उल्लंघनकर्ताओं को दंडित करने के बजाय पर्यावरणीय क्षरण को रोकना या बहाल करना होता है। शीर्ष अदालत ने 2012 के दिल्ली उच्च न्यायालय के एक फैसले को रद्द कर दिया, जिसने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की पर्यावरणीय हर्जाना मांगने की शक्तियों को सीमित कर दिया था।



# रामायण के लिए रणबीर कपूर ने छोड़ दी इस दिग्गज सिंगर की बायोपिक



रणबीर कपूर इन दिनों अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म रामायण की तैयारियों में व्यस्त हैं। उन्हें जब यह फिल्म ऑफर हुई, उसी समय उनके पास दिवंगत सिंगर किशोर कुमार की बायोपिक का प्रस्ताव भी आया था। दोनों में से एक फिल्म को चुनना उनके लिए चुनौती थी। हालांकि, रणबीर ने किशोर कुमार की बायोपिक को छोड़कर रामायण साइन की। इसका खुलासा हाल ही में अनुराग बसु ने किया है।

### मुश्किल था रणबीर के लिए यह फैसला

निर्देशक अनुराग बसु ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान खुलासा किया कि रणबीर कपूर ने सिंगर की बायोपिक के बजाय रामायण को चुना। हालांकि, यह फैसला करना उनके लिए बहुत मुश्किल था। मगर, उन्होंने सही फैसला कर लिया। अनुराग बसु ने बातचीत के दौरान बताया कि शेड्यूल में टकराव के चलते रणबीर को दोनों प्रोजेक्ट्स यानी रामायण और किशोर कुमार की बायोपिक में से किसी एक को चुनना पड़ा। उन्होंने कहा, रणबीर के लिए यह जिंदगी में एक मुश्किल चुनाव था। किशोर कुमार की बायोपिक या रामायण। उनके लिए यह बहुत मुश्किल था। आखिरकार उन्होंने रामायण को चुना और मुझे लगता है कि यह सही फैसला था।

### अनुराग बसु की इन फिल्मों में काम कर चुके हैं रणबीर

रणबीर कपूर और अनुराग बसु पहले भी कई बार साथ काम कर चुके हैं। इनमें बर्फी (2012) और जग्गा जासूस (2017) जैसी फिल्में शामिल हैं। हालांकि, दोनों ने फिर से साथ काम करने की इच्छा जताई। मगर, इस बार रणबीर कपूर के व्यस्त शेड्यूल के चलते ऐसा नहीं हो पाया। अनुराग बसु ने आगे कहा, हम साथ काम करने की कोशिश करते रहते हैं, लेकिन ऐसा हो नहीं पा रहा है।



# सन ऑफ सरदार 2 की रिलीज होने पर खुशी से झूमीं मृणाल ठाकुर

## बोलीं- इससे बेहतर जन्मदिन का तोहफा नहीं

बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन और मृणाल ठाकुर की फिल्म सन ऑफ सरदार 2 सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस खास मौके पर अभिनेत्री ने एक पोस्ट के जरिए बताया है कि उनके लिए ये जन्मदिन का सबसे खास तोहफा था। मृणाल अपना 33वां जन्मदिन मना रही हैं।

### मृणाल ठाकुर ने किया पोस्ट

एक्ट्रेस के लिए ये दिन खास रहा क्योंकि फिल्म की रिलीज ठीक उनके जन्मदिन पर हुई। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी भावनाएं शेयर करते हुए लिखा कि इससे बेहतर तोहफा उन्हें नहीं मिल सकता था। फिल्म की स्क्रीनिंग पर उनके करीबी दोस्त, परिवार और टीम मेंबर्स मौजूद थे। सभी ने मिलकर इस दिन को यादगार बना दिया। एक्ट्रेस ने दर्शकों और टीम का आभार जताते हुए कहा कि ये जर्नी उनके लिए हमेशा खास रहेगी।

### मृणाल ने पोस्ट में क्या लिखा?

एक्ट्रेस ने अपने पोस्ट में लिखा- मैं अपने जन्मदिन की शुरुआत इससे बेहतर तरीके से नहीं कर सकती थी। सन ऑफ सरदार 2 आखिरकार रिलीज हो गई है और इस खास मौके पर मेरे सभी अपने मेरे साथ थे। ये पल मेरे दिल के बहुत करीब रहेगा- हमेशा। ये फिल्म पागलपन, जादू और बेहद शानदार, प्यारी और टैलेंटेड टीम से भरी हुई है। और अब राबिया दुनिया के सामने है- मुझे उम्मीद है कि आप उसे उतना ही प्यार देंगे जितना मैंने किया और अपने दिलों में उसके लिए थोड़ी सी जगह भी बना पाएंगे। हर उस इंसान का तहे दिल से शुक्रिया, जो इस छोटी-सी यात्रा का हिस्सा बना।

सन ऑफ सरदार 2 में अजय देवगन एक बार फिर जस्सी रंधावा के किरदार में अपने देसी अंदाज और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस के साथ लौटे हैं। उनके साथ मृणाल ठाकुर राबिया की भूमिका में नजर आईं।नीरू बाजवा डिंपल के रोल में और रवि किशन राजा के किरदार में दमदार नजर आए। फिल्म की सपोर्टिंग स्टारकास्ट में दीपक डोबरियाल (गुल), चंकी पांडे (दानिश), कुब्रा सैत (महविश), संजय मिश्रा (बंटू पांडे), अश्विनी कालसेकर (प्रेमलता), डॉली अहलूवालिया (बेबे), मुकुल देव (टोनी), विंदू दारा सिंह (टीटू), साहिल मेहता (गोग्गी), रोशनी वालिया (सबा) और शरत सक्सेना (रंजीत सिंह) शामिल हैं।



# परम सुंदरी के परदेसिया पर बोले सचिन-जिगर

संगीतकार जोड़ी सचिन-जिगर ने अपकमिंग फिल्म 'परम सुंदरी' के गाने 'परदेसिया' पर बात की और कहा कि उनका मकसद एक ऐसा गाना बनाना था जो टाइमलेस हो यानि समय की बाधा से मुक्त हो, जिससे हर वर्ग और पीढ़ी इसे दिल की गहराइयों से स्वीकार कर सके। परम सुंदरी के परदेसिया गाने को फिल्ममेकर्स ने 30 जुलाई को रिलीज कर दिया है। सचिन-जिगर ने एक संयुक्त बयान में कहा, 'परदेसिया' एक ऐसा गाना है जिसमें भावनाएं, आवाज और लेखन पूरी तरह एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। हम चाहते थे कि यह गाना ऐसा हो जो नया होने के बावजूद लोगों के दिलों में बरसों से बसा हुआ लगे।

उन्होंने बताया कि गायक सोनू निगम की आवाज और उनके जन्मदिन पर गाने का रिलीज होना एक खास संयोग था। उन्होंने बताया, सोनू जी की आवाज में एक दर्द के साथ गहराई भी है। कृष्णकली की आवाज ने गाने को और भी आकर्षण देने का काम किया है। तीनों आवाजों का मेल इस गाने को और भी खास बनाता है। उन्होंने गीतकार अमिताभ भट्टाचार्य की तारीफ करते हुए कहा, उनके शब्द भावनाओं को खूबसूरती से पेश करते हैं। वह शब्दों को नहीं, भावनाओं को लिखते हैं। रोमांस सिनेमा में वापसी कर रहा है और 'परदेसिया' के जरिए हम प्यार के साथ स्लो डांस को फिर से लेकर आए हैं।



# अभिषेक बच्चन की स्ट्रीमिंग में सफलता और स्मार्ट चुनाव

ऐसे इंडस्ट्री में जहाँ अटेन्शन क्षण भर के लिए होता है और डिजिटल दर्शकों को खुश करना बेहद कठिन माना जाता है, अभिषेक बच्चन उन गिने-चुने अभिनेताओं में से हैं जिन्होंने न केवल ओटीटी के दौर में खुद को बनाए रखा है, बल्कि इस माध्यम को बखूबी साधा भी है। हाल ही में विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर उनके एक से बढ़कर एक प्रभावशाली प्रदर्शन यह साबित कर रहे हैं कि आज की सफलता शोर मचाने में नहीं, बल्कि सही चुनाव करने में है। चाहे वह तीखी व्यंग्यात्मक फिल्म हो, भावनात्मक ड्रामा हो या फिर दिल को छू लेने वाली हल्की-फुल्की कहानी—अभिषेक ने ऐसी कहानियों के साथ तालमेल बिठाया है जो दिल को छूती हैं और ऐसे किरदार निभाए हैं जो सीमाओं को चुनौती देते हैं। उदाहरण के लिए, अमेज़ॅन प्राइम वीडियो की हिट फिल्म बी हैप्पी को ही ले लीजिए, जो रिलीज़ होते ही नंबर 1 पर ट्रेंड करने लगी। इस फिल्म की गर्मजोशी, हास्य और रिलेटेबिलिटी ने हर उम्र वर्गों के लोगों को प्रभावित किया, और कई लोगों ने इसे साल की सबसे सुकून देने वाली फिल्मों में से एक बताया। इससे पहले नेटफ्लिक्स पर आई वांट टू टॉक आई थी, जो न केवल स्ट्रीमिंग पर सफल रही, बल्कि हर जगह चर्चा का विषय बन गई, और अभिषेक को उनके बहुस्तरीय, संयमित अभिनय के लिए कई पुरस्कार मिले। शिक्षा व्यवस्था पर आधारित सामाजिक कॉमेडी दसवी नेटफ्लिक्स इंडिया के चार्ट में टॉप पर पहुँच गई और अपने तीखे संदेश और कॉमिक टाइमिंग के लिए जानी गई। वहीं कालीधार लापता ने उनकी डिजिटल जर्नी को एक और बेहतरीन और समीक्षकों द्वारा सराही गई भूमिका के साथ पूरा किया, जो दिखाता है कि वह किस तरह से सहजता से विभिन्न शैलियों और माध्यमों के बीच बदलाव करते हैं।

# बॉलीवुड के बाद अब तेलुगु सीरीज में नजर आएंगी दिव्या दत्ता

मशहूर अभिनेत्री दिव्या दत्ता बॉलीवुड फिल्मों में अपनी अदाकारी से दर्शकों को दीवाना बनाने के बाद अब तेलुगु मनोरंजन जगत में भी जलवा बिखेरने को तैयार हैं। एक्ट्रेस मायासभा नाम के वेब सीरीज से तेलुगु इंडस्ट्री में कदम रख रही हैं, जिसका ट्रेलर भी गुरुवार को रिलीज कर दिया गया।

### एक्ट्रेस ने शेयर किया पोस्ट

दिव्या दत्ता ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी तेलुगु वेब सीरीज मायासभा का ट्रेलर शेयर किया। इस ट्रेलर में एक्ट्रेस राजनेता के रूप में नजर आ रही हैं और उनकी प्रेजेंस ने सीरीज में जान डालने का काम किया है। इस ट्रेलर को शेयर करते हुए दिव्या दत्ता ने कैप्शन में लिखा, 'एक ऐसी कहानी, जिसने राज्य की किस्मत बदल दी।'

### लंबे समय से तेलुगु सिनेमा में आना चाहती थीं एक्ट्रेस

बातचीत में दिव्या दत्ता ने कहा, 'पहली बार हमेशा खास होता है और मैं लंबे समय से तेलुगु सिनेमा का हिस्सा बनना चाहती थी। बॉलीवुड और साउथ फिल्मों के बीच बढ़ते तालमेल के साथ मुझे इस शो के साथ शुरुआत करने पर गर्व है।' इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उनकी आगामी सीरीज बहुत ही शानदार होने वाली है। उन्होंने अपने निर्देशक और क्रू मेंबर्स का धन्यवाद किया है, जिनके कारण वह तेलुगु में डेब्यू कर रही हैं।



# मजबूत महिला किरदार निभाना पसंद है

अभिनेत्री परिणीता बोरठाकुर जल्द ही जी टीवी के लोकप्रिय शो वसुधा में खास किरदार में नजर आएंगी। नई और प्रभावशाली भूमिका निभाने के लिए तैयार अभिनेत्री ने बताया कि शो में उनके किरदार का नाम चंद्रिका सिंह चौहान है, जो एक परिवार मुखिया का सशक्त और दमदार किरदार है।

परिणीता ने बताया कि किसी चल रहे शो में बीच में किसी किरदार को निभाना अपने आप में कई चुनौतियां लेकर आता है, लेकिन वह इसे एक बड़े अवसर के रूप में देखती हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि उन्हें मजबूत महिला किरदारों वाली कहानियां पसंद हैं।

परिणीता ने अपने किरदार के बारे में बताया, वासुधा जैसे शो का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत रोमांचक है। यह शो पहले से ही दर्शकों के बीच लोकप्रिय है और हाल ही में टीवी इंडस्ट्री के टॉप 10 शोज में शामिल हुआ है। बीच में किसी किरदार को अपनाना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन मैं इसे एक अवसर के रूप में देखती हूं, जिसके जरिए मैं एक ऐसी कहानी का हिस्सा बन सकती हूं, जो पहले से ही लाखों लोगों के दिलों को छू चुकी है। उन्होंने आगे कहा, मुझे हमेशा से गहरी भावनाओं और मजबूत महिला किरदारों वाली कहानियां पसंद रही हैं। चंद्रिका के किरदार के बारे में जानते ही मुझे उससे तुरंत जुड़ाव महसूस हुआ। वह एक ऐसी महिला है जो शांत, दमदार और दृढ़ विश्वास के साथ परिवार का नेतृत्व करती है। मैं इस किरदार में अपनी शैली लाने की कोशिश करूंगी, साथ ही उस मूल भावना को बनाए रखूंगी, जिसे दर्शकों ने पसंद किया है।

वसुधा की कहानी में करिश्मा और मेघा की साजिशों के बीच चंद्रिका एक स्थिर और मजबूत किरदार के रूप में उभरती है, जो अनुशासन और गरिमा के साथ परिवार को संभालती है।

परिणीता ने कहा, चंद्रिका का किरदार भावनात्मक मुश्किलों और सिद्धांतों से भरा है। इसे निभाना मेरे करियर का सबसे रचनात्मक अनुभव रहा है। मैं उम्मीद करती हूं कि दर्शक मेरे इस किरदार को अपनाएंगे। पहले इस किरदार को नौशीन अली सरदार ने निभाया था। निर्माता अरविंद बब्बल ने बताया, नौशीन ने चंद्रिका के किरदार को बहुत खूबसूरती और गरिमा के साथ निभाया। हम उनके योगदान के लिए आभारी हैं। अब परिणीता बोरठाकुर का स्वागत करते हुए हमें खुशी है। वह एक संवेदनशील और प्रतिभाशाली अभिनेत्री हैं, जिन्होंने चंद्रिका के व्यक्तित्व को गहराई से समझा है।





# सफलता बहुत से एक्टर्स को पैरालाइज कर देती है, यहां खुद को बचा लेना सबसे बड़ी उपलब्धि

**गुलाल, चमेली, हासिल और अतरंगी रे जैसी दर्जनों फिल्में कर चुके एक्टर पंकज झा ने वेब सीरीज पंचायत के विधायक चंद्रकिशोर सिंह के रूप में अपनी एक्टिंग का सिक्का जमा दिया। इन दिनों वह अपनी नई वेब सीरीज सरपंच साहब के लिए चर्चा में हैं, जिसे लेकर हुई खास बातचीत के दौरान उनके व्यक्तित्व के कई अनछुए पहलुओं के बारे में रोचक खुलासे हुए।**

### साइडलाइन हो रहे हाइब्रिड एक्टर

अपनी जिंदगी को एक अलग ही दर्शन से जीने वाले पंकज झा पंचायत के विधायक चंद्रकिशोर सिंह के बाद वेब सीरीज सरपंच साहब में भी नेता त्रिवेणी सिंह की भूमिका में नजर आए। ऐसे में, कहीं इंडस्ट्री के आम चलन के मुताबिक, वह भी नेता के रोल में दोहराव या टाइप कास्टिंग के शिकार तो नहीं हो रहे? इस सवाल पर वह कहते हैं, नहीं, मेरे साथ ऐसा कुछ नहीं हो रहा है, क्योंकि मैं किसी इंडस्ट्री से बिलॉन्ग ही नहीं करता हूं। मेरी अपनी खुद की इंडस्ट्री है। मैं यह सब रंग अपने ऊपर नहीं चढ़ने देता हूं। मेरी अभी किताब आई है- अज्ञात से ज्ञात की ओर, जो मैंने अमिताभ बच्चन जी को गिफ्ट की। उन्होंने मेरी कविता ट्वीट भी की, तो लोग मुझे लेखक भी बोलते हैं।

### मैं कोई आज का एक्टर तो हूं नहीं

पुणे में मेरा अपना स्टूडियो है। जहांगीर आर्ट गैलरी में मेरी चित्रों की प्रदर्शनी लगी तो लोग मुझे पेंटर भी बोलते हैं, ऐसे में मैं इस बात की क्या फिक्र करूंगा कि लोग मुझे नेता के रोल में देख रहे हैं। मैं कोई आज का एक्टर तो हूं नहीं। मेरी पूरी जर्नी है। मैं एनएसडी रेपेट्री में था। फिर मीरा नायर, राम गोपाल वर्मा वगैरह के साथ मैंने गुलाल, ब्लैक फ्राइडे, चमेली जैसी 50 से ऊपर फिल्में की हैं। मैंने अपने ऊपर काम किया है। ओशो की थेरेपी, ध्यान-मेडिटेशन में खुद को लगाया है।

### मैं जब अभिनय करता हूं तो उस पात्र को जीता हूं

पंकज झा ने आगे बताया, एक्टिंग की बारीकियां, एक्टिंग क्या होता है, एनर्जी कैसे वर्क करती है? इन चीजों पर मैंने बहुत काम किया है। ओशो ने कहा था कि जीवन ऐसे जियो, जैसे अभिनय कर रहे हो और अभिनय ऐसे करो, जैसे जीवन जी रहे हो। मेरी यही फिलॉसफी है। मैं जब अभिनय करता हूं तो उस पात्र को जीता हूं, वही जिंदापन लोगों को छूता है, क्योंकि अब फेक, झूठी फिल्में, जिनका रिएलिटी से कोई वास्ता नहीं है, उसे लोग नहीं देख रहे हैं। इसलिए जो हाइब्रिड वाले एक्टर हैं, वो साइडलाइन हो रहे हैं। त्रिवेणी सिंह नेता है, मगर बहुत प्यार किरदार है, जो पूरे गांव को जागरूक करता है।

### जिसके पास जितना वक्त, वो उतना धनी

पंकज अपनी जिंदगी का मकसद लोगों को अपने अर्जित ज्ञान को लौटाना मानते हैं। बकौल पंकज झा, मेरे गुरु ने कहा था कि उनका ऋण आप एक ही शर्त पर चुका सकते हैं कि गुरु से जो भी मिला है वो दुनिया को बांट दो। इसलिए, मैं अपने शब्दों, अपनी लेखनी, अपनी चित्रों के जरिए उसे लौटाने की कोशिश करता हूं। उन्होंने हमें मौत को आगे करके जीना सिखाया है कि हम कभी भी इस दुनिया से जा सकते हैं। हम सब यहां मेहमान हैं, तो जब तक हो, अच्छे से रहो।

### मेरे लिए सफलता का मापदंड यह है कि आप आज में कितने जिंदा हैं

हर रोज आसपास के लोग दुनिया से जा रहे हैं। जब एक बार आपको यह अहसास हो जाएगा कि ये दुनिया आपका घर नहीं है तो आपकी जिंदगी से तनाव, भविष्य की चिंता, दिखावा, बेईमानी, ये सब खत्म हो जाएगी। आप जिंदगी को जीने लगेंगे कि अरे, इतनी सुंदर जिंदगी है और हम किन चीजों में उलझे हुए हैं। मैं दुनिया में उसको धनी मानता हूं, जिसके पास खुद के लिए समय है। मेरे लिए सफलता का मापदंड यह है कि आप आज में कितने जिंदा हैं। जैसे, मेरा कोई अतीत नहीं है, इसलिए मेरा कोई भविष्य भी नहीं है। मैं इस पल में जीता हूं।

## संक्षिप्त समाचार

### चिली में ढही हुई खदान में फंसे चार खनिकों के शव बरामद

**सैंटियागो, एजेंसी।** चिली की सबसे बड़ी तांबे की खदानों में से एक के ढहे हुए हिस्से में तीन दिनों से फंसे पांच खनिकों में से चार के शव मिल गए हैं। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि मृतकों की पहचान कर ली गई है। राजधानी सैंटियागो से लगभग 100 किलोमीटर दक्षिण में स्थित एल टेनिएंटे खदान के बचावकर्मी अभी भी पांचवें खनिक की तलाश कर रहे हैं, जिसकी पहचान मोइसेस पावेज के रूप में हुई है। जीपीएस उपकरणों की मदद से फंसे हुए खनिकों का पता लगाया गया, लेकिन बचावकर्मियों को उन तक पहुंचने के लिए दर्जनों मीटर गहरी चट्टान खोदनी पड़ी। गुरुवार को 4.2 तीव्रता के भूकंप के बाद खदान का एक हिस्सा ढह गया, जिसमें एक श्रमिक की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए।

### न्यूजीलैंड में सूटकेस में बंद मिली दो साल की बच्ची, महिला गिरफ्तार

**वेलिंगटन, एजेंसी।** रविवार को न्यूजीलैंड की एक महिला को बाल उपेक्षा के आरोप में गिरफ्तार किया गया। बस चालक को बस के सामान डिब्बे में रखे एक सूटकेस में दो साल की बच्ची जिंदा मिली। पुलिस ने एक बयान में बताया कि ऑकलैंड के उत्तर में कैवाका बस्ती में एक निर्धारित स्टॉप के दौरान, जब बस चालक ने बस में रखे एक बैग के अंदर हलचल देखी। इसके बाद सूटकेस को खोला गया, तो उन्हें दो साल की बच्ची मिली। बच्ची शारीरिक रूप से ठीक थी। अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि बच्ची कितनी देर तक सूटकेस में बंद थी। बच्ची को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे स्थानीय समयानुसार रविवार रात तक रखा गया।

### नेपाल में हेरोइन रखने के आरोप में दो भारतीय गिरफ्तार

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर मादक पदार्थ रखने के आरोप में दो भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। नेपाल पुलिस ने बताया कि 32 वर्षीय मौलेश्वरन एन करुणई वेल को 4 किलोग्राम से थोड़ी अधिक सफेद हेरोइन के साथ पकड़ा गया। वह बैंकॉक से आया था और सुरक्षा जांच के दौरान उसके सूटकेस में ये दवाएं पाई गईं। पुलिस के अनुसार, एक अलग घटना में 66 वर्षीय अहमद फिरोज के पास से भी 4 किलोग्राम से अधिक सफेद हेरोइन बरामद हुई। वह शनिवार को बैंकॉक से थाई एयरलाइंस की उड़ान से आया था और आगमन लॉन पर सुरक्षा जांच के दौरान उसे पकड़ लिया गया। दोनों व्यक्तियों को आगे की जांच के लिए नारकोटिक ड्रग्स कंट्रोल ब्यूरो को सौंप दिया गया।

### मोंटाना में चार लोगों का संदिग्ध हत्यारा पूर्व अमेरिकी सैनिक अभी भी फरार

**हेलेना, एजेंसी।** मोंटाना के एक बार में चार लोगों की हत्या का संदिग्ध पूर्व अमेरिकी सैनिक अभी भी फरार है। अधिकारियों ने बताया कि वह कपड़ों और कैंपिंग के सामान से भरी एक चोरी की गाड़ी में भाग गया था, उसके पास हथियार होने की आशंका है। अधिकारियों का मानना है कि 45 वर्षीय माइकल पॉल ब्राउन ने शुक्रवार सुबह मोंटाना के एनाकोंडा स्थित द आउल बार में चार लोगों की हत्या कर दी। यह बार मिसौला से लगभग 120 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में पहाड़ों से घिरी एक घाटी में स्थित है। मोंटाना के अटॉर्नी जनरल ऑस्टिन नुडसेन ने रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि ब्राउन ने एक राइफल से गोलीबारी की, जिसके बारे में कानून प्रवर्तन अधिकारियों का मानना है कि वह उसका निजी हथियार था। पीड़ितों की उम्र 59 से 74 वर्ष के बीच थी और उनमें एक महिला बारटेंडर और तीन पुरुष ग्राहक शामिल थे।

### अमेरिकी खुफिया निदेशक से मिले भारतीय दूत क्वात्रा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनालड ट्रंप के टैरिफ घमासान के बीच भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक (डीएनआई) तुलसी गबार्ड से मुलाकात की। दोनों के बीच आपसी हित के विभिन्न मुद्दों पर सार्थक बातचीत हुई। क्वात्रा ने मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, डीएनआई तुलसी गबार्ड और उनके पति अब्राहम विलियम्स से मिलकर प्रसन्नता हुई। हमने आपसी हितों के विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की। शनिवार को भारत ने अमेरिका में आठ और वाणिज्य दूतावास आवेदन केंद्र (आईसीएसी) खोले थे। इनको मिलाकर अमेरिका में केंद्रों की कुल संख्या 16 हो गई है। इस अवसर पर क्वात्रा ने कहा था कि भारत-अमेरिका साझेदारी के मूल में लोगों के बीच आपसी संबंध हैं।

# पाकिस्तान-ईरान द्विपक्षीय व्यापार को 10 अरब अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाने पर सहमत



इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान और ईरान ने रविवार को द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 3 अरब अमेरिकी डॉलर वार्षिक से बढ़ाकर 10 अरब अमेरिकी डॉलर करने पर सहमति जतायी। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के बीच वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने 12 समझौतों और समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। सरकारी 'एसोसिएटेड प्रेस ऑफ पाकिस्तान' (एपीपी) के अनुसार, प्रधानमंत्री शरीफ ने राष्ट्रपति पेजेशकियन के साथ वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए नये द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य की घोषणा की। इस वार्ता के दौरान उन्होंने अपनी साझा सीमा पर आतंकवाद से निपटने के लिए सहयोग को मजबूत करने पर भी सहमति व्यक्त की। सहमति सुबह पाकिस्तान के वाणिज्य मंत्री जाम कमाल खान और ईरान के उद्योग, खान एवं व्यापार मंत्री मोहम्मद अताबाक के बीच हुई बैठक में बनी। शरीफ ने कहा कि ईरान को परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग का अधिकार है, जो इजराइल के साथ वर्तमान संघर्ष का मूल कारण रहा है। शरीफ ने कहा, ÷पाकिस्तान शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा प्राप्ति के लिए ईरान के साथ खड़ा है। उन्होंने ईरान पर हाल ही में हुए इजराइली हमलों की निंदा की और देश की मजबूत रक्षा के लिए तेहरान की सराहना की। एपीपी के अनुसार, शरीफ और पेजेशकियन की उपस्थिति में पाकिस्तान और ईरान ने 12 समझौतों और समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का आदान-प्रदान किया। इनमें व्यापार, कृषि, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार, सूचना एवं संचार, और समुद्री सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग शामिल हैं। एपीपी ने कहा, ''प्रधानमंत्री शरीफ ने रविवार को कहा कि पाकिस्तान और ईरान का नेतृत्व द्विपक्षीय व्यापार को यथाशीघ्र 10 अरब अमेरिकी डॉलर के लक्ष्य तक बढ़ाने के लिए उत्सुक है।'' दोनों नेताओं ने आतंकवाद से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की और अपनी साझा सीमा पर आतंकवाद से निपटने के लिए सहयोग को मजबूत करने पर सहमति जताई। पेजेशकियान ने कहा कि हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापनों में दोनों पक्षों के बीच मुक्त व्यापार समझौते को जल्द से जल्द अंतिम रूप देने से संबंधित एक समझौता भी शामिल है। एपीपी ने कहा कि राष्ट्रपति पेजेशकियान ने इस बात पर संतोष जताया कि ÷दोनों पक्ष विविध क्षेत्रों में सहयोग के लिए गंभीर और ईमानदार प्रयास कर रहे हैं, और अपने वर्तमान 3 अरब अमेरिकी डॉलर के व्यापार को 10 अरब अमेरिकी डॉलर के अनुमानित लक्ष्य तक ले जाने के लिए प्रयास कर रहे हैं।÷ राष्ट्रपति पेजेशकियान शनिवार दोपहर लाहौर पहुंचे और शाम को राजधानी के लिए रवाना हुए। इस बीच, अताबाक के साथ खान की बैठक के बाद, पाकिस्तान के वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं के बीच उच्च-स्तरीय चर्चा ने व्यापार में तेज़ी लाने, सीमा संबंधी बाधाओं को दूर करने और प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में विश्वास-आधारित साझेदारी बनाने के लिए दोनों पक्षों की ओर से नयी प्रतिबद्धता को दर्शाया।

# यूक्रेनी सेना में महिलाओं की संख्या दोगुनी हुई : साढ़े तीन साल में 1 लाख पहुंची



**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन और रूस युद्ध के बीच यूक्रेन की सेना में महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। बीते साढ़े तीन साल में सेना में महिलाओं की संख्या बढ़कर एक लाख हो गई है। फिलहाल यूक्रेनी सेना में कुल 10 लाख सैनिक हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, युद्ध शुरू होने के बाद महिलाएं सेना में शामिल होने के ?लिए खुद आगे आ रही हैं। सशस्त्र बलों की सलाहकार ओक्साना ग्रिगोरिएवा बताती हैं कि रूस के खिलाफ फिलहाल साढ़े पांच हजार महिलाएं सीधे मोर्चे पर हैं।

ये महिलाएं ड्रोन से लेकर सीधे मोर्चे पर तोपें संभाल रही हैं। इसके अलावा ये मेडिकल सपोर्ट, फ्रंटलाइन ट्रांसपोर्ट जैसी ड्यूटीज भी निभा रही हैं। बता दें कि 2022 में रूस के आक्रमण से पहले सेना में 15त्न महिलाएं थीं। अब उनकी संख्या दोगुनी हो गई है। ग्रिगोरिएवा कहती हैं कि सैन्य स्कूलों और कॉलेजों में अब 20त्न छात्राएं हैं, जो बड़ा बदलाव है।

**ब्रिगेड में पुरुषों से भी ज्यादा मजबूत महिला सैनिक अलीनात्न** पूर्व पेशेवर हेप्टाथलीट अलीना शुख ने शुरू में प्रतिष्ठित अजोव ब्रिगेड में भर्ती होने की कोशिश की, लेकिन उन्हें बताया गया कि उनके लिए कोई पद नहीं है। इसके बाद वे खर्टिया ब्रिगेड में शामिल हुईं। शुख कहती हैं कि वह अपनी ब्रिगेड में ज्यादातर पुरुष सैनिकों से मजबूत हैं। वहीं, तोपखाने की कमांडर ओल्हा बिहार कहती हैं कि टेक्नोलॉजी युद्ध को बदल रही है। अब सबसे अच्छा सैनिक ड्रोन पायलट हो सकता है, जिनकी उगलियां तेज चलती हैं। वे कहती हैं कि मुझे उम्मीद है कि मैं एक दिन रक्षा मंत्री बनूंगी।

इनविजिबल बटालियन के एक रिसर्च प्रोजेक्ट में मदद करने वाली मारिया बर्लिस्का रूस के शुरुआती आक्रमण के बाद से महिलाओं के लिए ज्यादा भूमिकाएं खोलने की कोशिश कर रही हैं। वे बताती है, हर युद्ध ने तकनीकी प्रगति और महिलाओं की आजादी को बढ़ावा दिया है। कई महिलाएं कानून के बावजूद लड़ाई में हिस्सा ले रही थीं, जिसमें वे कुक और क्लीनर के रूप में रजिस्टर होती थीं। हालांकि, महिलाओं को भर्ती करने पर कोई राजनीतिक बहस नहीं हुई है। थिंक-टैंक फ्रंटियर इंस्टीट्यूट के येवगेन ह्रिबोवित्स्की कहते हैं कि यह जोखिम भरा हो सकता है।

महिला कमांडर ट्विग यूक्रेनी सेना की पांच सदस्यों वाली एक महिला ड्रोन यूनिट का हिस्सा हैं। वे अपनी पांच महिला दोस्तों के साथ एक कैफे में रुकती हैं और मोइतो ऑर्डर करती है। वहीं, इस कैफे से कुछ दूर तोपों की गड़गड़ाहट सुनाई देती रही है। ट्विग की साथी टाइटन कहती हैं कि किलिंग शब्द का अर्थ हत्या है, जो गलत है। वह अपने काम को रशियन का सफाया कहना पसंद करती हैं। यूक्रेन सेना की सैनिक मारिया बर्लिस्का कहती हैं कि ड्रोन उड़ाने में लड़का-लड़की का अंतर मायने नहीं रखता।

### इजरायली बंधकों को सहायता देने को हमास तैयार, पर रख दी बड़ी शर्त; कब्जे में बचे अब कितने बंधक?

**काहिरा, एजेंसी।** गाजा में अभी भी कई इजरायली हमास के चंगुल में फंसे हुए हैं, जिनकी स्थिति काफी दयनीय हो चली है। हमास ने पिछले दिनों ऐसे ही बंधकों की दयनीय हालत बयां करता एक वीडियो साझा किया था, जिसकी अंतरराष्ट्रीय जगत में तीखी आलोचना हुई थी। अब हमास ने रविवार को कहा कि अगर इजरायल उसकी कुछ शर्तें पूरी करता है, तो वह गाजा में इजरायली बंधकों को सहायता पहुँचाने के लिए रेड क्रॉस के साथ समन्वय करने को तैयार है। हमास ने कहा कि वह रेड क्रॉस के साथ कोई भी सहयोग और समन्वय तभी करेगा, जह इजरायल गाजा पट्टी में स्थायी तौर पर मानवीय गलियारों को खोलेगा और वहां राहत और राशन वितरण के दौरान हवाई हमले रोकेगा। इजरायली अधिकारियों के अनुसार, गाजा में अभी भी 50 बंधक हमास के कब्जे में हैं, जिनमें से केवल 20 के ही जीवित होने की संभावना है। हमास ने अब तक ह्यूमन राइट संगठनों को इन बंधकों तक किसी भी तरह की पहुँच से रोक रखा है और परिवारों को उनकी स्थिति के बारे में बहुत कम या कोई जानकारी नहीं है। बता दें कि शनिवार को, हमास ने दो दिनों में इजरायली बंधक एव्यातार डेविड का दूसरा वीडियो जारी किया था।

# रूस और ईरान से तेल खरीदना बंद नहीं करेगा चीन, अमेरिका की मांग को ठुकराया

**बीजिंग, एजेंसी।** अमेरिका, रूस और ईरान से कच्चा तेल खरीदने वाले देशों पर सख्ती कर रहा है। हालांकि चीन ने अमेरिका की इस मांग को मानने से साफ इनकार कर दिया है। चीन और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर भी बातचीत चल रही है और उम्मीद जताई जा रही है कि दोनों देशों में व्यापार समझौता जल्द हो सकता है, लेकिन रूस और ईरान से तेल न खरीदने की बात पर चीन ने सख्त रुख अपनाया है। चीन के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि चीन हमेशा देशहित को ध्यान में रखते हुए अपनी ऊर्जा जरूरतों की आपूर्ति सुनिश्चित करेगा।

अमेरिका ने 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी

अमेरिका ने रूस और ईरान से तेल खरीदने पर चीन पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी है। जिस पर चीन के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि चीन हमेशा देशहित को ध्यान में रखते हुए अपनी ऊर्जा जरूरतों की आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। चीन ने कहा कि दबाव बनाने और जबरदस्ती से कुछ हासिल नहीं होगा। चीन अपनी संप्रभुता, सुरक्षा और विकास हितों की दृढ़ता से रक्षा करेगा। चीन की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय सामने आई है, जब दोनों देशों के अधिकारी स्टॉकहोम में व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। चीन के सख्त रुख पर तंज कसते हुए अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि जब रूस से तेल खरीदने की बात आती है, तब चीन अपनी संप्रभुता को बहुत गंभीरता से लेता है।



गौरतलब है कि अमेरिका का कहना है कि रूस से जो देश तेल खरीद रहे हैं, उससे रूस की सेना की मदद हो रही है और यूक्रेन में युद्ध जारी है। वहीं ईरान भी तेल बिक्री के पैसों से पश्चिम एशिया में आतंकी संगठनों को फंडिंग दे रहा है। ऐसे में अमेरिका में रूस और ईरान के वित्तपोषण पर रोक लगाना चाहते हैं। अमेरिका ने भारत पर भी इसके लिए 25 प्रतिशत टैरिफ और पेनल्टी लगाने की घोषणा की है। एशिया सोसाइटी पॉलिसी इंस्टीट्यूट के प्रतिष्ठित फेलो डैनी रसेल ने कहा कि रूस से तेल खरीदना जारी रखने से रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शी जिनपिंग की रणनीतिक एकजुटता बनी रहती है और चीन की आर्थिक लागत में भी उल्लेखनीय कमी आती है। उन्होंने कहा, बीजिंग, रूस और ईरान से तेल न खरीदने का जोखिम नहीं उठा सकता। यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण रणनीतिक ऊर्जा आपूर्ति है, और बीजिंग इसे औने-पौने दामों पर खरीद रहा है। अमेरिकी ऊर्जा सूचना प्रशासन की 2024 की एक रिपोर्ट का अनुमान है कि ईरान द्वारा निर्यात किए गए तेल का लगभग 80 से 90 प्रतिशत चीन खरीद रहा है। चीन रूस का भी एक महत्वपूर्ण ग्राहक है, लेकिन रूस से समुद्री कच्चे तेल के निर्यात में भारत के बाद दूसरे स्थान पर है।

# गाजा में इजरायली हमले नरसंहार नहीं, 7 अक्तूबर को बहुत क्रूरता हुई थी : डोनाल्ड ट्रंप

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा में इजरायल के हमलों का बचाव किया है। उनका कहना है कि गाजा में इजरायल के हमले नरसंहार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि 7 अक्तूबर को इजरायल में बहुत बुरा हुआ था। हमास के आतंकियों ने वहां तबाही मचा दी थी और उसी के नतीजे में गाजा में जंग हो रही है। इस तरह उन्होंने गाजा में जारी इजरायल के हमलों का बचाव किया। दरअसल डोनाल्ड ट्रंप ने मीडिया से पूछा था कि क्या आप भी मानते हैं कि गाजा में जो हो रहा है, वह नरसंहार है। इस पर डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि मैं ऐसा नहीं मानता। वे जंग में हैं।

उन्होंने एक बात यह भी कही कि अमेरिका की ओर से फिलिस्तीन के लोगों को भुखे नहीं मरने दिया जाएगा। हम उन्हें राशन मुहैया करेंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, हम चाहते हैं कि लोगों को खाना मिले। इजरायल वहां सहायता मुहैया कराए। हम नहीं चाहते कि वहां कोई भुखमरी से मर जाए। इस तरह डोनाल्ड ट्रंप ने इजरायल का बचाव किया है तो वहीं सहायता भी मुहैया कराने की बात कही है। गौरतलब है कि यूरोपीय देश फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी की ओर से इजरायल से अपील की गई है कि वह सीजफायर कर दे। यही नहीं फिलिस्तीन को मान्यता देने की बात भी इन देशों ने कही है।




इस बीच फिलिस्तीन में 92 लोग फिर से एक ही दिन में मारे गए हैं। इन लोगों की मौत रविवार को हुई, जिनमें से 56 लोग तो सहायता का इंतजार कर रहे थे। दरअसल गाजा में हालात ऐसे हैं कि भुखमरी से मौतों का भी डर है। गाजा पट्टी में राशन तक की किल्लत है और दवाओं के लिए भी लोग परेशान हैं। अरब मीडिया के अनुसार इन मौतों में 6 लोग ऐसे हैं, जिनकी भूख के चलते मौत हुई है। अरब न्यूज के अनुसार गाजा में अब तक 175 लोग खाने की कमी से मर गए हैं। इनमें 93 मासूम बच्चे शामिल हैं। बता दें कि गाजा में भुखमरी के हालात के बाद भी हमास सीजफायर के लिए पूरी तरह तैयार नहीं है। उसने अब तक हथियार डालने के संकेत भी नहीं दिए हैं।

# टैरिफ लगाने के फैसले का ट्रंप ने किया बचाव, बोले- अमेरिका में बहुत पैसा आएगा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दर्जनों व्यापारिक साझेदार देशों पर पारस्परिक टैरिफ लगाने के अपने फैसले का बचाव किया है। ट्रंप ने कहा कि ऐसा कई साल पहले कर दिया जाना चाहिए था। ट्रंप ने कहा कि टैरिफ से मिलने वाले पैसों से अमेरिका अपना कर्ज उतारेगा।

मीडिया से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि हम कर्ज का भुगतान करेंगे। देश में बहुत सारा पैसा आने वाला है और इतना पैसा देश में कभी एकसाथ नहीं आया होगा। इससे पहले कर्ज का भुगतान करेंगे। हमें ये कई साल पहले कर देना चाहिए था। मैंने अपने पहले कार्यकाल में चीन के साथ ये किया था, लेकिन कोरोना महामारी के चलते अन्य देशों के साथ ऐसा नहीं हो सका।

ट्रंप ने कहा, मैं किसी तरह का दबाव नहीं, बल्कि निष्पक्षता चाहता हूं। हम जहां भी और जितना हो सके, पारस्परिक कर देखना चाहते हैं। कभी-कभी, यह उनके लिए बहुत ज़्यादा हो जाता है। यह एक बहुत बड़ी राशि होगी। और मैं बस इतना ही कह सकता हूं कि इससे हमारा देश सैकड़ों अरब डॉलर कमाएगा। व्हाइट हाउस में आने के छह महीनों के भीतर ही ट्रंप ने वैश्विक आर्थिक व्यवस्था को तबाह कर दिया और अमेरिका की आर्थिक ताकत का इस्तेमाल कर उन देशों को दंडित देना शुरू किया, जिनके साथ अमेरिका का व्यापार घाटा है।



**अप्रैल में किया था टैरिफ का एलानत्न** 2 अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने उन देशों से आयात पर 50 प्रतिशत तक पारस्परिक कर लगाने और लगभग सभी अन्य देशों पर 10 प्रतिशत आधारभूत कर लगाने की घोषणा की, जिनके साथ अमेरिका का व्यापार घाटा है। उन्होंने व्यापार घाटे को राष्ट्रीय आपातकाल घोषित करने के लिए 1977 के एक कानून का हवाला दिया, जिसके जरिए उन्होंने अपने व्यापक आयात करों को उचित ठहराया। जब पारस्परिक करों की आलोचना हुई तो उन्होंने विभिन्न देशों को बातचीत का मौका देने के लिए पारस्परिक शुल्कों को 90 दिनों के लिए स्थगित कर दिया।

# रूस के ऑयल डिपो पर यूक्रेन का ड्रोन अटैक : आग लगी

### विस्फोट का वीडियो बनानी वाली दो रशियन लड़कियों को हिरासत में लिया

**मॉस्को, एजेंसी।** यूक्रेन ने रविवार को रूस के सोची स्थित एक ऑयल डिपो पर ड्रोन से हमला किया। हमले के बाद डिपो में भीषण आग लग गई। क्रास्नोडार क्षेत्र के गवर्नर वेनियामिन कोंद्रात्येव ने बताया कि ड्रोन के मलबे के तेल टैंक से टकराने के बाद आग लगी, जिसे बुझाने के लिए 120 से ज्यादा दमकलकर्मी लगाए गए। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में डिपो से उठते घने काले धुएं के गुबार देखे जा सकते हैं। हमले के बाद रूस की नागरिक उड्डयन एजेंसी रोसावियात्सिया ने कुछ समय के लिए सोची एयरपोर्ट पर उड़ानें रोक दीं। इस दौरान 2 रशियन लड़कियां विस्फोट के साथ वीडियो बनाते हुए भी नजर आईं। दोनों के साथ बैकग्राउंड में एक युवक भी मौजूद था। रूस के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, रशियन सेना ने शनिवार रात से रविवार सुबह तक रूस और ब्लैक सी के ऊपर यूक्रेन के 93 ड्रोन मार गिराए। हालांकि, रूस के वोरोनेज क्षेत्र में एक और यूक्रेनी ड्रोन हमले में चार लोग घायल हो गए। दूसरी तरफ रूस भी लगातार यूक्रेन पर मिसाइल और ड्रोन हमले कर रहा है। यूक्रेनी वायुसेना के मुताबिक शनिवार रात 2 अगस्त को रूस ने 76 ड्रोन और 7 मिसाइलें दागीं। इनमें से 60 ड्रोन और 1 मिसाइल को मार गिराया गया। बाकी 16 ड्रोन और 6 मिसाइलें आठ अलग-अलग जगहों पर गिरीं। इससे पहले 31 जुलाई को रूसी ड्रोन और मिसाइल हमले में यूक्रेन के 31 लोग मारे गए थे। इनमें 5 बच्चे शामिल थे, जबकि 150 से ज्यादा घायल हुए थे। रूस और यूक्रेन युद्ध थमने की जगह और भी ज्यादा गहराता जा रहा है। यूक्रेन और रूस दोनों ही एक-दूसरे के देशों में और भी ज्यादा अंदर हमला करने की कोशिश कर रहे हैं। रूसी पक्ष की तरफ से दावा किया गया है कि यूक्रेन से आए ड्रोन उनके दक्षिणी शहर वोल्गोग्राद के एक रेलवे स्टेशन पर जाकर गिरे हैं, जिससे वहां की बिजली लाइन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है और वहां चारो तरफ आग फैल गई। टेलीग्राम पर इस बात की जानकारी देते हुए वोल्गोग्राद शहर के गवर्नर आंद्रेई बोचारोव ने बताया कि आर्चेडा रेलवे स्टेशन के पास स्थित रेलवे ट्रैक पर यह ड्रोन गिरा है।







## संक्षिप्त खबरें

### इंडस स्टोर - एल्काटेल में करार

नई दिल्ली। भारत में बने एंड्रॉयड ऐप मार्केटप्लेस इंडस ऐप स्टोर ने फ्रेंच टेक्नोलॉजी कंपनी एल्काटेल के साथ रणनीतिक पार्टनरशिप की घोषणा की है। इस लांगटर्म पार्टनरशिप के तहत, अब भारत में बिकने वाले एल्काटेल के सभी स्मार्टफोन में इंडस ऐप स्टोर पहले से इंस्टॉल रहेगा। इससे दोनों कंपनियों को देशभर के लाखों यूज़र्स तक अपनी पहुंच बनाने और लोकल ऐप मार्केप्लेस की मदद से नए विकल्प उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। इंडस ऐपस्टोर की चीफ़ बिज़नेस ऑफ़िसर प्रिया एम. नरसिम्हन ने कहा, 'हम भारत में अल्काटेल की यात्रा की शुरुआत में ही उनके साथ पार्टनरशिप करके बेहद उत्साहित हैं।

### तनिष्क के 30 साल पर जश्न

नई दिल्ली। टाटा के ज्वेलरी रिटेल ब्रांड तनिष्क ने भरोसा और पारदर्शिता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के 30 गौरवशाली सालों के सम्मान में दिल्ली एनसीआर में एक शानदार समारोह का आयोजन किया। इस महत्वपूर्ण पड़ाव की याद में कंपनी ने तनिष्क डायमंड्स एक्सपर्टीज़ शुरू करके, इस उद्योग में पहली, पारदर्शी इन-स्टोर डायमंड मूल्यांकन प्रक्रिया भी शुरू की है। डी बीयर्स ग्रुप के सहयोग से इस पहल ने ग्राहकों को रियल-टाइम एश्योरेंस दिया है, इसके लिए पांच उन्नत उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है, जो प्रकाश प्रदर्शन, मूल स्थान, समावेश और प्रामाणिकता का मूल्यांकन करते हैं।

### एसएफएल की एफडी दरें घटीं

नई दिल्ली। श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड (एसएफएल) ने विभिन्न अवधियों की फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) पर ब्याज दरों में संशोधन की घोषणा की है। नई दरें 5 अगस्त 2025 से लागू होंगी। इन संशोधनों के तहत 12 माह की एफडी पर मौजूदा 7.35 फीसद की ब्याज दर को घटाकर सात फीसद सालाना कर दिया गया है। इसी तरह 15 माह की एफडी पर ब्याज दर 7.50 फीसद से घटाकर 7.25 फीसद, 18 माह से 23 माह की अवधि के लिए ब्याज दर 7.40 फीसद से घटाकर 7.15 फीसद, 24 से 35 माह के लिए ब्याज दर 7.50 फीसद से 7.25 फीसद, 36 माह से 60 माह के लिए ब्याज दर 8 फीसद से कम करके 7.60 दी गई है। वरिष्ठ नागरिक लाना 0.50% अतिरिक्त ब्याज के पात्र होंगे। महिला जमाकर्ताओं को 0.05% अतिरिक्त ब्याज मिलेगा।

### गिफ्ट कार्ड में नया फीचर

नई दिल्ली। भारत में डिजिटल गिफ्टिंग को और भी खास बनाने के लिए अमेज़न पे ने अपने ई-गिफ्ट कार्ड में नया पर्सनलाइजेशन फीचर जोड़ा है। इस फीचर की मदद से ग्राहक अब गिफ्ट कार्ड में अपनी फोटो या आर्टवर्क अपलोड कर सकते हैं, जिससे हर अवसर की बधाई और भी व्यक्तिगत और यादगार हो जाएगी। नए फीचर लॉन्चिंग के अवसर पर अमेज़न पे की डायरेक्टर स्टोर्ड वैल्यू एंड गिफ्टिंग नेहा गुप्ता महात्मे ने कहा, 'अमेज़न.इन पर अब 300 से अधिक प्रीमियम ब्रांड गिफ्ट काड्र्स विभिन्न श्रेणियों में उपलब्ध हैं। इन काड्र्स में तनिष्क, कल्याण ज्वेलर्स, बिग बास्केट, जेप्टो और जोमैटो, बुक माई शो और मेक माई ट्रिप के गिफ्ट कार्ड शामिल हैं। ये गिफ्ट काड्र्स अमेज़न.इन से खरीदे जा सकते हैं।

### एसुस लैपटॉप पर छूट

नई दिल्ली। टेक कंपनी एसुस ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अपने विभिन्न प्रोडक्ट्स पर कई रोमांचक ऑफर्स पेश किए हैं। इस मौके पर एसुस अपने लोकप्रिय लाइनअप्स, यानि आरओजी, टीयूएफ, विवोबुक और ज़ेनबुक पर आकर्षक छूट और बंडल डील्स पेश रहा है। शॉपर्स अब बेहतरीन परफॉर्मेंस वाले एसुस लैपटॉप्स पर सीमित समय के लिए 53□ तक की बचत कर सकते हैं, जिससे अत्याधुनिक इनोवेशन और बेजोड़ परफॉर्मेंस में निवेश करने का यह एक बेहतरीन मौका बन गया है। सीमित अवधि वाले ऑफर्स 17 अगस्त तक प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर्स, जैसे- रिलायंस, क्रोमा और विजय सेल्स पर उपलब्ध रहेंगे।

### सेंसेक्स 308 अंक टूटा

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 308 अंक के नुकसान में रहा जबकि एनएसई निफ्टी में 73 अंक की गिरावट आई। भारतीय रिजर्व बैंक की बुधवार को मौद्रिक नीति समीक्षा की घोषणा से पहले बैंक और तेल एवं गैस शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 308.47 अंक यानी 0.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,710.25 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 73.20 अंक टूटकर 24,649.55 अंक पर बंद हुआ।

# गिग वर्कर्स की आर्थिक स्थिति बेहतर बना रहीं रिटेल व ई कामर्स कंपनियां

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

दिल्ली-एनसीआर में ई-कॉमर्स और रिटेल कंपनियां गिग वर्कर्स की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने में बड़ी भूमिका निभा रही हैं। यह जानकारी एक प्रमुख पॉलिसी थिंक टैंक एम्पावर इंडिया के नए श्वेतपत्र रिटेल ड्राइविंग प्रॉस्पेरिटी इन दिल्ली-एनसीआर में सामने आई है।

इस रिपोर्ट के अनुसार, इस क्षेत्र के 70% गिग वर्कर्स ने पार्ट-टाइम, मौसमी और गिग नौकरियों से अपनी आय में बढ़ोतरी देखी है। लोकलसर्कल्स सर्वे और वर्कर्स से बातचीत के आधार पर इस रिपोर्ट में अमेज़न, डेल्हीवरी, रिलायंस रिटेल और मीशो को इस बदलाव के मुख्य योगदानकर्ता बताया गया है।

दिल्ली एनसीआर के 15 जिलों के 90,000 से अधिक निवासियों के जवाबों पर आधारित इस अध्ययन में यह नोट किया गया है कि इन कंपनियों के बुनियादी ढांचे में



निवेश, प्रशिक्षण कार्यक्रम और समावेशी नीतियां कैसे सार्थक अवसर पैदा कर रही है, जो अपर्याप्त वेतन और कामकाजी परिस्थितियों के दावों का खंडन करती है। गिग वर्कर्स ने खुद बताया है कि ये कंपनियां उनकी वित्तीय उन्नति और आर्थिक स्थिरता के लिए वरदान बन गई है।

रिपोर्ट जारी किए जाने के मौके पर एम्पावर इंडिया के डायरेक्टर जनरल के. गिरी ने कहा, दिल्ली-एनसीआर में रिटेल सेक्टर न सिर्फ नौकरियां दे रहा है, बल्कि यह लोगों को लंबे समय तक आर्थिक रूप से मजबूत करने के रास्ते भी बना रहा है। चाहे अमेज़न हो, जो समावेश पर ध्यान देती है, या डेल्हीवरी, जो बुनियादी ढांचे में निवेश करती है, ये कंपनियां ऐसी आर्थिक व्यवस्था बना रही है जिससे लाखों वर्कर्स को फायदा हो रहा है।

उन्होंने कहा कि रिपोर्ट दिखाती है कि अगर कॉर्पोरेट नवाचार और अच्छी नीतियां साथ मिलकर काम करें, तो समाज के लिए सच्चे अवसर खुल सकते है और समावेशी विकास को बढ़ावा मिल सकता है।

## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का नया रेमिटेंस प्लेटफार्म

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने 'रेमिटफर्स्ट2इंडिया' नाम से एक नया डिजिटल मंच लांच किया है, जो एनआरआई ग्राहकों को भारत में रहने वाले अपने परिवार को तेज गति से पैसे भेजने की सुविधा देगा।


बैंक के हेड रिटेल लायबिलिटीज़, आशीष सिंह ने कहा इस सेवा के तहत ग्राहक बिना किसी ट्रांसफर शुल्क के धन का हस्तांतरण कर सकेंगे। इसके लिए बैंक के एनआरआई ग्राहक अपने मोबाइल बैंकिंग ऐप के जरिए आसानी से लॉग-इन कर सकते है और ट्रांज़ेक्शन कर सकते है। जो लोग बैंक के ग्राहक नहीं है, वे भी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

# सेवा क्षेत्र ने भरी उड़ान

## ■ जुलाई में इस क्षेत्र की वृद्धि दर 11 माह के उच्च स्तर पर पहुंची

**नई दिल्ली (भाषा)।**

देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि जुलाई में 11 महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई, जिसे नए निर्यात ऑर्डर और समग्र बिक्री में तेज वृद्धि से समर्थन मिला। मंगलवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक जुलाई में 60.5 रहा जो जून में 60.4 पर था। विस्तार की दर अगस्त 2024 के बाद से सर्वाधिक है। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का आशय संकुचन से होता है।




एचएसबीसी के भारत के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, 'सेवा गतिविधि सूचकांक के 60.5 पर होने से नए निर्यात ऑर्डर में वृद्धि के दम पर मजबूत वृद्धि की गति का संकेत मिलता है।' सर्वेक्षण में कहा गया कि नए व्यवसायों में निरंतर वृद्धि उत्पादन वृद्धि का मुख्य कारण रही है। साथ ही भारतीय सेवा प्रदाताओं ने अपनी सेवाओं की अंतरराष्ट्रीय मांग में भी मजबूत सुधार का स्वागत किया है।

इसमें कहा गया, 'उन्हें एशिया, कनाडा, यूरोप, संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका से नए काम मिलने की सूचना मिली है।' कीमतों के मोर्चे पर, कच्चे माल व तैयार माल शुल्क जून की तुलना में तेजी से बढ़े। सर्वेक्षण में कहा गया, 'उत्पादन कीमतों में ठोस वृद्धि बढ़ी हुई लागत और मजबूत मांग को दर्शाती है।'

भंडारी ने कहा, 'कीमतों के मोर्चे पर कच्चे व तैयार माल दोनों की कीमतें जून की तुलना में थोड़ी तेजी से बढ़ीं, लेकिन आगे चलकर इसमें बदलाव हो सकता है।

## जून में कारोबारी भरोसा बढ़ा

**नई दिल्ली (भाषा)।**

आर्थिक नीति शोध संस्थान एनसीएईआर के व्यावसायिक अपेक्षा सर्वेक्षण के अनुसार कारोबारी भरोसा सूचकांक (बीसीआई) अप्रैल-जून में तेजी से बढ़कर 149.4 हो गया, जो पिछली तिमाही (जनवरी-मार्च) में 139.3 था।

नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) ने मंगलवार को बयान में कहा कि बीसीआई चार चीजों, अगले छह महीने में समग्र आर्थिक स्थिति में सुधार, अगले छह महीने में कंपनियों की वित्तीय स्थिति में सुधार होगा, वर्तमान निवेश माहौल और क्या वर्तमान क्षमता उपयोग महत्तम स्तर के करीब या उससे ऊपर है। पर आधारित है।

पहली तिमाही में चारों घटकों में सकारात्मक प्रतिक्रियाओं की हिस्सेदारी 60 प्रतिशत से अधिक रही और प्रत्येक क्षेत्र ने पिछली तिमाही की तुलना में सुधार का रुख प्रदर्शित किया। अधिकतर उत्तरदाताओं ने अगले छह महीनों में उत्पादन (78.7 प्रतिशत) और घरेलू बिक्री (79.1 प्रतिशत) में वृद्धि की उम्मीद जताई। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में अंतिम उत्पादों के निर्यात के बारे में धारणा में भी (66.5 प्रतिशत) सुधार हुआ।

# रुपया 16 पैसे टूटकर 87.82 प्रति डॉलर पर

**मुंबई (भाषा)।**

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया मंगलवार को 16 पैसे टूटकर 87.82 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि रुपया दबाव में है और इस सप्ताह भी यही स्थिति रह सकती है, क्योंकि अमेरिका ने रूसी कच्चा तेल खरीदना जारी रखने पर भारत पर उच्च शुल्क लगाने की धमकी दी है। साथ ही भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की अनिश्चितता घरेलू बाजार की धारणा को प्रभावित कर रही है।



अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.95 प्रति डॉलर पर कमजोर रुख के साथ खुला। दिन में यह 87.75 प्रति डॉलर पर पहुंचा लेकिन अंत में 87.82 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 16 पैसे की गिरावट है। रुपया सोमवार को 48 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.66 पर बंद हुआ था। मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, 'हमारा अनुमान है कि रुपये में गिरावट जारी रहेगी क्योंकि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता घरेलू बाजार की धारणा को प्रभावित कर रही है। घरेलू शेयर बाजारों में कमजोरी और विदेशी पूंजी की निकासी से रुपये पर और दबाव पड़ सकता है।'

चौधरी ने कहा, 'भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति से पहले रुपया भी कमजोर रह सकता है। बाजार को केंद्रीय बैंक रेपो दर में और कटौती की उम्मीद है। हालांकि, सितंबर में फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की बढ़ती संभावनाओं के बीच अमेरिकी डॉलर की कमजोरी, रुपये को निचले स्तर पर सहारा दे सकती है।' इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.18 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.68 पर पहुंच गया।

# शीर्ष निर्यातक राज्यों में यूपी टॉप-5 में

## ■ गुजरात शीर्ष पर, महाराष्ट्र को मिला दूसरा स्थान

**नई दिल्ली (एजेंसियां)।**

गुजरात ने बीते वित्त वर्ष 2024-25 में देश के शीर्ष निर्यातक राज्य के रूप में अपनी स्थिति बरकरार रखी है। कुल 9.83 लाख करोड़ रुपये के निर्यात के साथ देश के कुल निर्यात में गुजरात की 26.6 प्रतिशत हिस्सेदारी है। निर्यातकों के शीर्ष निकाय फियो ने मंगलवार यह जानकारी दी। टॉप 5 में यूपी को भी जगह मिली है।

पिछले वर्ष की तुलना में मामूली गिरावट के बावजूद, गुजरात का निर्यात अन्य सभी राज्यों से काफी आगे रहा। यह दूसरे स्थान पर रहने वाले राज्य महाराष्ट्र (5,57,271 करोड़ रुपये) से लगभग 4.3 लाख करोड़ रुपये अधिक है। फियो के विश्लेषण के अनुसार, महाराष्ट्र के बाद तमिलनाडु, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना का स्थान है।

भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) ने कहा, 'गुजरात ने 2024-25 में, देश के शीर्ष निर्यातक राज्य के रूप में अपनी अग्रणी स्थिति फिर से स्थापित की है। राज्य से निर्यात 9.83 लाख करोड़ रुपये का रहा, जो देश के कुल निर्यात का 26.6 प्रतिशत है।' फियो के अनुसार, गुजरात से होने वाले निर्यात में कुछ जिलों की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी है। इसमें जामनगर 3.63 लाख करोड़ रुपये के साथ अगुवा बना हुआ है। इसका मुख्य कारण पेट्रोलियम और रिफाइनरी निर्यात है। जामनगर राज्य के कुल निर्यात में एक-तिहाई से अधिक का योगदान देता है।

राज्य से निर्यात की जाने वाली शीर्ष पांच वस्तुएं पेट्रोलियम उत्पाद, रत्न एवं आभूषण, कार्बिनक रसायन, औषधि और इंजीनियरिंग वस्तुएं (मशीनरी) है। उत्तर प्रदेश का 2024-25 में देश के कुल 37.02 लाख करोड़ रुपये के निर्यात में 1.86 लाख करोड़ रुपये का योगदान रहा। यह देश के कुल निर्यात का पांच प्रतिशत है। यह उत्तर प्रदेश को देश के निर्यात परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण राज्य के रूप में स्थापित करता है।



## नीतिगत ब्याज दर पर आज आएगा एमपीसी का फैसला

**मुंबई (भाषा)।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा बुधवार को चालू वित्त वर्ष की तीसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करेंगे। विश्लेषकों का मानना है कि हाल ही में तीन बार में रेपो दर में कुल एक प्रतिशत की कटौती के बाद इस बार नीतिगत दरों में बदलाव की संभावना कम है।

मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह-सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में नीतिगत दर पर विचार-विमर्श का सिलसिला सोमवार से ही जारी है। एमपीसी की बैठक में लिए गए फैसले की घोषणा बुधवार सुबह 10 बजे की जाएगी। विशेषज्ञों का मानना है कि इस बार रिजर्व बैंक ब्याज दर को लेकर यथास्थिति बनाए रख सकता है।

# 84,000 से अधिक गेमिंग खातों के विवरण लीक

**दा नांग (वियतनाम), (भाषा)।**

साइबर सुरक्षा कंपनी कैस्परस्की ने मंगलवार को कहा कि वर्ष 2024 के दौरान भारत में 84,262 ऑनलाइन गेमिंग खातों के उपयोगकर्ताओं से संबंधित विवरण लीक हुए थे।

कैस्परस्की ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र ऑनलाइन गेमिंग का वैश्विक केंद्र बनकर उभरा है, जहां दुनिया के आधे से अधिक गेमर मौजूद है। इसमें भारत, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया और दक्षिण-पूर्व एशिया की उभरती अर्थव्यवस्थाएं बड़ी भूमिका निभा रही है।

रिपोर्ट के मुताबिक, थाइलैंड में सबसे अधिक 1,62,892 मामलों के साथ गेमिंग खाते लीक हुए जबकि भारत इस सूची में चौथे स्थान पर रहा। डेटा लीक के शिकार होने वाले अन्य देशों में फिलिपीन (99,273), वियतनाम (87,969), इंडोनेशिया (69,909), मलयेशिया (37,718), दक्षिण



कोरिया (37,097), चीन (18,786), श्रीलंका (10,877) और सिंगापुर (4,262) भी शामिल थे।

कंपनी ने बताया कि बीते वर्ष वैश्विक स्तर पर कुल 1.1 करोड़ गेमिंग खातों का ब्योरा लीक हुआ था। एशिया-प्रशांत क्षेत्र में तेजी से डिजिटल स्वीकार्यता, मोबाइल पहुंच और युवाओं में बढ़ती मांग के चलते शौकिया और प्रतिस्पर्धी गेमिंग दोनों क्षेत्रों में तीव्र वृद्धि देखी जा रही है।

कैस्परस्की के प्रबंध निदेशक (एशिया-प्रशांत क्षेत्र) एड्रियन हिया ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि वर्ष 2004 में जहां हर घंटे एक नया वायरस खतरा सामने आता था वहीं अब यह संख्या बढ़कर प्रतिदिन 4,67,000 हो गई है। कैस्परस्की ने वर्ष 2024 में 82.2 करोड़ डॉलर का वैश्विक राजस्व दर्ज किया, जो एक साल पहले की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है।

# चालू वित्त वर्ष में 6.7% रह सकती है वृद्धि दर : डेलॉयट

**नई दिल्ली (भाषा)।**

परामर्श समेत अन्य सेवाएं देने वाली कंपनी डेलॉयट इंडिया ने मंगलवार को कहा कि मजबूत घरेलू बुनियाद और बढ़ते वैश्विक अवसरों के साथ चालू वित्त वर्ष (2025-26) में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.4 से 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। हालांकि, इसने यह भी कहा कि भारत को अपने व्यापार जोखिम पर नजर रखनी चाहिए और वैश्विक स्तर पर अनिश्चितताओं से उत्पन्न नतीजों के लिए तैयार रहना चाहिए।

डेलॉयट इंडिया के अनुसार, रणनीतिक व्यापार वार्ताएं आय, रोजगार, बाजार पहुंच और घरेलू मांग को बढ़ाने वाले शक्तिशाली कारकों के रूप में काम करेंगी। इन वार्ताओं में ब्रिटेन के साथ हुए व्यापार समझौते के अलावा अमेरिका के साथ जारी बातचीत और वर्ष के अंत तक यूरोपीय संघ के साथ बहुप्रतीक्षित समझौता शामिल है। भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2024-25 में 6.5 प्रतिशत रही थी। डेलॉयट ने बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 6.4 से 6.7 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान है। यह अनुमान



मजबूत घरेलू मांग, कम होती महंगाई और घरेलू नीति व वैश्विक व्यापार कूटनीति में साहसिक कदम पर आधारित है।

डेलॉयट इंडिया की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कहा, 'भारत की आर्थिक वृद्धि उतार-चढ़ाव वाले वैश्विक परिदृश्य में भी अलग ही नजर आती है। हमारी गति मजबूत पूंजी बाजार, गतिशील उपभोक्ता आधार और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी कार्यबल के जरिये संचालित है।' परामर्श कंपनी ने कहा कि भारत अपनी वैश्विक व्यापार उपस्थिति का विस्तार करने के लिए रणनीतिक कदम उठा रहा है।

हाल के व्यापार समझौते रणनीतिक लाभ प्रदान करते है। इससे कृत्रिम मेधा, डिजिटल बदलाव और नवोन्मेष आधारित स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग और प्रगाढ़ होने की संभावना है। डेलॉयट ने कहा, ''वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, भारत को अपने व्यापार जोखिम पर नजर रखनी चाहिए और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के परिणामों के लिए तैयार रहना चाहिए।' हाल के क्षेत्रीय संघर्ष और महत्वपूर्ण खिनजों और विशिष्ट उर्वरकों पर प्रतिबंधों से वृद्धि संभावनाओं पर असर पड़ने की आशंका है।

# घूंघट से बैंकिंग तक : ग्रामीण महिलाओं की ज़िंदगी बदल रही 'बीसी-सखी' पहल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था तेज़ी से आगे बढ़ रही है। इसके बाद भी इसका लाभ सभी को समान रूप से नहीं मिल रहा। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं अब भी इन सुविधाओं से वंचित ही है।

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के आंकड़े चौकाने वाले है। आंकड़ों के अनुसार सिर्फ 25% महिलाएं ही इंटरनेट का उपयोग करती है, वहीं पुरुषों में यह संख्या 49% है। यह डिजिटल लैंगिक अंतर ग्रामीण इलाकों में और भी गंभीर हो जाता है, जहां सामाजिक-सांस्कृतिक पाबंदियां, आर्थिक सीमाएं और डिजिटल उपकरणों की कमी महिलाओं को डिजिटल भागीदारी से दूर रखती है।

इन्हीं चुनौतियों को दूर करने के लिए फिनटेक कंपनी 'रोइनेट' ने मई 2020 में 'बीसी-सखी' पहल पेश की थी। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों की महिलाओं को बैंकिंग कॉरस्पॉन्डेंट्स के रूप में प्रशिक्षित करना है, ताकि वे अपने समुदायों को घर-घर जाकर वित्तीय सेवाएं उपलब्ध करा सकें। इन महिलाओं को स्मार्टफोन, बायोमेट्रिक माइक्रो-एटीएम और एक यूज़र-फ्रेंडली ऐप से लैस किया गया है, जिससे वे डिजिटल तौर पर सशक्त बनें।



यह पहल सिर्फ 105 बीसी-सखियों से शुरू हुई थी, वहीं आज यह आंकड़ा 10,000 से अधिक सक्रिय बीसी-सखियों तक पहुंच चुका है। इनमें से कई महिलाएं पहली बार आय अर्जित कर रही हैं और ₹10,000 से ₹50,000 प्रति माह तक कमा रही हैं।

इस पहल से जुड़कर बदलाव लाने वाली कहानियां बेहद प्रेरणादायक है। वाराणसी की 35 वर्षीय जयलक्ष्मी देवी की हो लो। जब बीसी-सखी बनीं तब उन्हें कोई गंभीरता से नहीं लेता था। वह कहती है, ''लोग कहते थे कि यह क्या सिखाएगी बैंकिंग, लेकिन आज स्थिति यह है कि उनके सारे वित्तीय कामकाज मैं ही संभाल रही हूं।' स्नातक और दो बच्चों की मां 36 वर्षीय रिया शर्मा की कहानी भी कुछ ऐसी ही है।

रोइनेट के संस्थापक और प्रबंध निदेशक, समीर माथुर, कहते है कि शुरू में ग्रामीण भारत में महिलाओं के बैंकिंग सेवाएं देने की अवधारणा को लेकर संदेह था। 'लोग पूछते थे, 'घूंघट में रहने वाली महिला बैंकिंग सेवा कैसे देगी?' लेकिन हमने इन महिलाओं में सीखने, कमाने और समाज में अपनी पहचान बनाने की ललक देखी और उन्हें 'घूंघट से बैंकिंग' सेवाओं तक पहुंचा दिया।'

## टाटा कैपिटल ने आईपीओ के लिए अद्यतन दस्तावेज दाखिल किए

**नई दिल्ली (भाषा)।**

गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी टाटा कैपिटल ने 47.58 करोड़ का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए बाजार नियामक सेबी के समक्ष अद्यतन दस्तावेज दाखिल किए हैं।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष सोमवार को दाखिल दस्तावेजों (डीआरएचपी) के अनुसार, प्रस्तावित आईपीओ 21 करोड़ नए शेयर और 26.58 करोड़ शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। बिक्री पेशकश के तहत टाटा संस के 23 करोड़ शेयर और अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम (आईएफसी) के 3.58 करोड़ शेयर की बिक्री शामिल है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं संपादक प्रहलाद तेली के लिए मुद्रक अनिल राठी द्वारा अनिल प्रिन्टर्स एण्ड ऑफसेट, 5/एफ-2, न्यू हाउसिंग बोर्ड, शास्त्रीनगर, भीलवाड़ा 311001 (राज.) से मुद्रित एवं ऑफिस 957 वार्ड नंबर 24 धाकड़ मोहल्ला, शाहपुरा, भीलवाड़ा 311404 (राज.) से प्रकाशित। मो. नं. 9115108888, ई-मेल : kismatbhilwara@gmail.com (सभी प्रसंगों का न्याय क्षेत्र भीलवाड़ा होगा)